* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

20 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12 मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 240

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


इंडिगो ने दिया 500 एयरबस ए320 फैमिली एयरक्राफ्ट का ऑर्डर








## चतरा को सौगात : मुख्यमंत्री ने किया 3.78 अरब की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

# भूमि अधिग्रहण के प्रभावितों को पूरा हक मिलेगा : हेमंत

- लाभुकों के बीच 2.81 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण
- सीएम ने पंचायत स्तर दवा दुकान योजना का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमरिया/चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। इस सिलसिले में मुझे ग्रामीणों से कुछ शिकायतें मिल रही है। मैं भूमि अधिग्रहण से प्रभावित होने वालों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनके साथ कोई अन्याय नहीं होगा। प्रभावित लोगों को उनका हक और अधिकार हर हाल में मिलेगा। इसे लेकर सरकार पूरी तरह संवेदनशील है। मुख्यमंत्री सोमवार को चतरा में योजनाओं के शिलान्यास-उद्घाटन और परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**ड्रीम प्रोजेक्ट की हुई शुरुआत :** सरकार की गांव-गांव में दवा दुकान एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसकी शुरुआत चतरा जिले हुई। चतरा जिले से राज्य सरकार पंचायत स्तर दवा दुकान योजना की सौगात झारखंड को मिली। मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित युवाओं को पंचायतों में दवा दुकान संचालित करने का लाइसेंस सौंप कर इस योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गांव- गांव में भी दवा दुकान खोले जायेंगे। यहां जरूरी और अनिवार्य दवाएं उपलब्ध होंगी, ताकि रिमोट और दूरदराज में रहने वाले ग्रामीणों को दवाओं के लिए प्रखंड और जिले की दौड़ नहीं लगाना पड़े।

**सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रम फिर होंगे शुरू :** हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य को एक बेहतर और जिम्मेदार व्यवस्था देने का प्रयास जारी है। सरकार की नजरें और योजनाएं सुदूर ग्रामीण इलाकों तक पहुंच सके। इस सिलसिले में सरकार आपके द्वार में कार्यक्रम के माध्यम से आपकी समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस तरह की योजना फिर से शुरू की जाएगी, ताकि जनता के साथ सरकार का जुड़ाव बना रहे।



### 177 योजनाओं की आधारशिला रखी और 42 का किया उद्घाटन

इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 3 अरब 64 करोड़ 34 लाख 68 हजार 925 रुपये की लागतवाली 177 योजनाओं की नींव रखी, जबकि 14 करोड़ 6 लाख 741 रुपये की 42 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, लाभुकों के बीच 2 करोड़ 81 लाख 15 हजार 446 रुपये की परिसंपत्तियों बांटी। इस कार्यक्रम में 11 नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार एयर कंडीशनर कमरे में बैठ कर नहीं, बल्कि जाड़ा, गर्मी और बरसात, कोई भी मौसम हो, फील्ड में काम कर रही है, ताकि लोगों की परेशानियां और समस्याओं को हम समझ सकें। इतना ही नहीं योजनाएं धरातल पर उतरे जा रही है। सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे भ्रमण कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लें।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने का प्रयास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब राज्य मजबूत होगा और राज्य तभी मजबूत होगा, जब ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। इसी बात को ध्यान में रख कर हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मुख्य केंद्र में रख कर योजनाएं बना रही हैं। किसानों, मजदूरों के हित में सरकार काम कर रही है। ग्रामीणों को स्वावलंबी बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने, बेहतर शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराने, स्वरोजगार के मौके देने समेत कई सेक्टर में विशेष तौर पर काम कर रही है, ताकि, राज्य और राज्य वासियों को खुशहाल बना सकें।

**जनता का हित सरकार की प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 और 16 तारीख को राज्य के वरीय अधिकारियों और सभी जिलों के डीसी और एसपी के साथ विकास और विधि व्यवस्था को लेकर मैंने लंबी चर्चा की। अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया है कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। विधि व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए सभी समुचित कदम उठायें। जनता का हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक किशुन कुमार दास और अंबा प्रसाद, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और चतरा जिला के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## आइपीएस रवि सिन्हा रॉ चीफ बने



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** छत्तीसगढ़ कैडर के सीनियर आइएएस अधिकारी रवि सिन्हा को भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का नया चीफ नियुक्त किया गया है। मौजूदा रॉ चीफ सामंत कुमार गोयल का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके बाद रवि कार्यभार संभालेंगे। 1988 बैच के आइएएस अधिकारी रवि सिन्हा दो साल तक इस पद पर रहेंगे। अभी वह कैबिनेट सचिवालय में स्पेशल सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत हैं। रवि सिन्हा बिहार के भोजपुर जिले से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज से पढ़ाई की। रवि ने साल 1988 में यूपीएससी की परीक्षा पास की। उन्हें भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के तौर पर मध्यप्रदेश कैडर मिला।

## एकांतवास से बाहर आये भगवान, आज रथ यात्रा

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ सोमवार को एकांतवास से बाहर आ गये। शाम चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान हुआ और श्रद्धालुओं के दर्शन हुए। मंगलवार को सुबह भगवान की पूजा होगी जिसके बाद पट खोल दिया जायेगा। दिन में पट बंद कर भगवान समेत सभी विग्रहों को रथारूढ़ किया जायेगा। रथ की सजावट और विष्णु लक्षार्चना कर आरती होगी। भक्त रथ को खींचते हुए मौसीबाड़ी ले जायेंगे। भगवान को यहां मंदिर में विराजमान किया जायेगा। मंगल आरती व भोग निवेदन के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया जायेगा। सोमवार को रथ को अंतिम रूप दिया गया। रांची का जगन्नाथ मेला उड़ीसा के बाद सबसे बड़ा और विशाल माना जाता है। गौरतलब है कि जगन्नाथपुर मंदिर में 333 वर्ष से रथ यात्रा निकाली जा रही है। मेले की सुरक्षा के लिए 16 बैरिकेडिंग बनाये गये हैं। वहीं 40 से भी अधिक सीसीटीवी कैमरों की मदद से मेले की नगरानी की जायेगी। मंदिर परिसर में 10 दिन तक मेला लगा रहता है। इस मेले में दूर-दूर से लोग शामिल होने और भगवना जगन्नाथ के दर्शन करने आते हैं। मेला में दुकानों का लगना शुरू हो गया है। यह मेला लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होता है।

(विस्तृत पेज 03 पर)







आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



### माफिया मुक्त बन गयी है गुरु गोरखनाथ की पुण्यभूमि, अब वहां मेट्रो और मैन्युफैक्चरिंग का आ रहा जमाना

# गोरखपुर को 'सपनों का शहर' बना दिया योगी आदित्यनाथ ने

## ▪ कभी माफिया के लिए बदनाम शहर में आज बह रही विकास की गंगा

## ▪ यूपी में पूर्वांचल का नया चेहरा है योगी आदित्यनाथ की कर्मस्थली

**आजाद सिपाही विशेष**

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल का प्रवेश द्वार गोरखपुर यदि पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है, तो यह यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभेद्य गढ़ भी है। आज से एक दशक पहले गोरखपुर को एक ऐसे शहर के रूप में जाना जाता था, जहां श्रीप्रकाश शुक्ला से लेकर हरिशंकर तिवारी जैसे कुख्यात माफियाओं का हुक्म चलता था और जहां दिनदहाड़े हत्या, लूट, बलात्कार, जमीन कब्जा और अन्य दूसरे अवैध काम धड़ल्ले से होते थे। पूरा गोरखपुर बम-बारूद की गंध से परेशान था। लोग यहां से होकर गुजरना नहीं चाहते थे, लेकिन योगी आदित्यनाथ ने अपने गुरु गोरखनाथ की इस पुण्यभूमि का आज पूरी तरह रूपांतरण कर दिया है। आज गोरखपुर की तस्वीर पूरी तरह बदल गयी है। यहां अब न कोई माफिया है और न किसी के पास कोई अवैध काम करने की हिम्मत। गोरखपुर अब पूर्वांचल का सबसे खूबसूरत चेहरा बन चुका है, जहां मेट्रो है, दुनिया भर के निवेशक यहां आने को तैयार हैं और किसी महानगर की तर्ज पर यहां वाणिज्यिक गतिविधियां भी हो रही हैं। जिस तरह सैफई के विकास का श्रेय मुलायम सिंह यादव को और ग्रेटर नोएडा का श्रेय मायावती को जाता है, उसी तरह गोरखपुर का चेहरा बदलने का श्रेय भी योगी आदित्यनाथ को जाता है, जो उनकी कर्मभूमि है। स्थिति यह है कि पूर्वांचल का सबसे विकसित शहर पहले वाराणसी को कहा जाता था, लेकिन अब यदि वहां बाबा विश्वनाथ और गंगा को छोड़ दिया जाये, तो गोरखपुर किसी भी दृष्टि से कम नहीं रह गया है। गोरखपुर की इस विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

घटना दो साल पहले की है। गोरखपुर के रामगढ़ ताल झील में सुबह-सुबह एक शव तैर रहा था। एक कूड़ा बीनने वाले ने इसे देखा और जल्द ही यह शहर में चर्चा का विषय बन गया। पुलिस ने फौरन झील की किलेबंदी कर दी। यह एक हत्या थी। स्थानीय मीडिया में सनसनी फैल गयी। लेकिन जल्दी ही सब कुछ साफ हो गया। यह आत्महत्या का मामला था। गोरखपुर शहर का रामगढ़ ताल पांच साल पहले खूनी नाला के नाम चर्चित था। यह कुख्यात अपराधियों का हॉटस्पॉट था, जहां हत्या कर शवों को फेंका जाता था। लेकिन आज यह एक खूबसूरत झील है, जो डेटिंग प्वाइंट बन गया है। नये-नये जोड़े हाथ में हाथ डाल कर यहां टहलते हैं, आइसक्रीम खाते हैं, सेल्फी लेते हैं और रील्स बनाते हैं। झील अब 50 सीसीटीवी कैमरों से घिरी हुई एक सुरक्षित जगह बन गयी है। यह सब केवल इसलिए हुआ है, क्योंकि यह यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का गढ़ है। गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने हाल ही में उत्तरप्रदेश के मंत्री जितिन प्रसाद के साथ नाव चलाने का एक खुशनुमा पोस्ट भी शेयर किया था। मठ के वर्चस्व वाले गोरखपुर में चल रहे महत्वाकांक्षी बदलावों के तहत इस झील का सौंदर्यीकरण एक शानदार रूपक है। गोरखपुर का चेहरा तेजी से बदल रहा है। अब यहां मेट्रो, मॉल, वाटर कांप्लेक्स, लग्जरी क्रूज, फ्लोटिंग रेस्तरां, नयी चौड़ी सड़कें, एक्सप्रेस-वे, एम्स और भारत के ओटीटी प्लेटफॉर्म का भविष्य है।

भारत में विकास की परिकल्पना को राजनीति से जोड़ दिया गया है और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को यह अच्छी तरह पता है। इसलिए उन्होंने अपने गुरु गोरखनाथ की पुण्यभूमि का चेहरा पूरी तरह से बदलने का फैसला किया, जिससे आज गोरखपुर उनका अभेद्य दुर्ग बन गया है। अगर सैफई का विकास मुलायम सिंह यादव के कारण हुआ है, ग्रेटर नोएडा की स्थापना-विकास का श्रेय मायावती को जाता है, तो गोरखपुर भी योगी आदित्यनाथ की कर्मभूमि है, जो तेजी से उत्तरप्रदेश की शोकेस सिटी बन रहा है। पहले गोरखपुर तंग गलियों और छोटी कल्पनाओं से भरा एक अराजक शहर हुआ करता था, लेकिन आज यह योगी आदित्यनाथ के 'सपनों का शहर' है। गोरखपुर ने लखनऊ में उत्तरप्रदेश ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट 2023 में वाराणसी, कानपुर, गाजियाबाद और मुरादाबाद को पछाड़ते हुए 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश अर्जित किया है।

गोरखपुर में अब बिजली नहीं कटती है। एक दशक पहले स्ट्रीट लाइट के नाम पर केवल खंभे होते थे, लेकिन आज सड़कें रोशनी ने नहायी रहती हैं। अब शहर की लड़कियां धड़ल्ले से आधी रात तक पूरे शहर में स्कूटी की सवारी करती हुईं दिख जायेंगी। अब किसी को इस पर आश्चर्य नहीं होता और न ही डर लगता है।





### ताज विवांता से गोरखपुर एक्सप्रेस-वे

जब आइएएस अधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को पिछले साल गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया था, तो उन्हें पता था कि 10 लाख की आबादी वाले शहर को पूरी तरह से कायापलट की जरूरत है। सीएम योगी आदित्यनाथ के पास एक महत्वाकांक्षी दृष्टि थी और सतही बदलाव पर्याप्त नहीं था। योगी के आदेश पर तंवर ने शहर को बदलने की सीएम की योजनाओं के बारे में जाना और रामगढ़ ताल झील से शुरुआत करने का फैसला किया। उनकी डिजाइन में मुंबई का मरीन ड्राइव था। आज यह क्षेत्र पैदल चलनेवालों के लिए एक सैरगाह, वाहन चालकों के लिए एक चार लेन की सड़क, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेंच, फव्वारे, पेड़ और सफेद तंबू जैसी छतरियां समेटे हुए है, जो गोरखपुर के बढ़ते क्षितिज के एवज में खूबसूरत सूर्यास्त की चाह रखनेवाले सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के चबूतरे के साथ बेहद लोकप्रिय है। इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के ताज विवांता, रमादा, हॉलिडे इन और मैरियट इस झील के आसपास अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे हैं, जहां निर्माण कार्य पहले से ही चल रहा है। गोरखपुर प्रशासन की प्रेरणा मुंबई नहीं, बल्कि लंदन है, विशेष रूप से वहां का बड़ा फेरिस व्हील, दि लंदन आई। गोरखपुर आई रामगढ़ ताल झील के तट पर एक भव्य मनोरंजन का साधन होगा। गोरखपुर आनेवाले लोग पहले केवल मठों में जाते थे, लेकिन अब वे झील और 2021 में खुले 21 एकड़ के विशाल चिड़ियाघर भी जाने लगे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ को पिछले साल चिड़ियाघर में अपनी यात्रा के दौरान एक तेंदुए के बच्चे को दूध पिलाते हुए भी देखा गया था। गोरखपुर में अब रियायती दरों पर बड़े घरों और फार्म हाउसों को बढ़ावा देने वाले रियल एस्टेट होर्डिंग दिखने लगे हैं, जबकि एक अन्य बैनर ग्लोबल ब्रांड्स को दर्शा रहा है।

गोरखपुर के बदलाव का श्रेय योगी आदित्यनाथ को जाता है। वह गोरखपुर को अपने हाथ के पिछले हिस्से की तरह मानते हैं। वह यहां के हर नुक्कड़ और कोने से परिचित हैं और हमेशा नये विचारों के लिए तैयार रहते हैं। योगी आदित्यनाथ महीने में तीन बार गोरखपुर आते हैं और जारी निर्माण कार्यों के अपडेट के लिए अधिकारियों से मिलते हैं।

आनेवाले दिनों में गोरखपुर को कई परियोजनाओं द्वारा भी परिभाषित किया जायेगा, जिनमें एक सैटेलाइट सिटी और एक चीज शामिल है, जो इन दिनों सभी भारतीय शहरों की आकांक्षा है– एक चमचमाती नयी मेट्रो, जो लोगों की यात्राओं को सुगम बनाने का वादा करती है, हालांकि यह अभी भी एक प्रस्ताव है। अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुरुग्राम, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नोएडा और पुणे की फेहरिस्त में शामिल होने के बाद गोरखपुर भारत का 16वां शहर बन जायेगा, जहां मेट्रो होगी।

गोरखपुर के इस रूपांतरण को 'योगी का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट' कहा जा रहा है। आज यहां दुनिया भर के निवेशक आने के लिए तैयार हैं। पहले जहां रेलवे के ठेकों के लिए बमों और गोलियों की आवाजें गूंजा करती हैं, आज गोरखपुर में हर दिन किसी न किसी नयी कंपनी का शिलान्यास या उद्घाटन हो रहा है। जानकार बताते हैं कि आने वाले दिनों में गोरखपुर यूपी का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन जायेगा। इसका कारण भी है। यहां श्रम सस्ता और प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। इलाके के लोग काम करने से पीछे नहीं हटते। इसलिए कंपनियां उनका कौशल विकास कर उन्हें एक कुशल श्रमशक्ति के रूप में विकसित कर रही हैं।

बहुत पहले नहीं, 1980-90 के दशक में गोरखपुर श्रीप्रकाश शुक्ला, हरि शंकर तिवारी और उनके प्रतिद्वंद्वी वीरेंद्र प्रताप शाही जैसे गैंगस्टरों का गढ़ था, जिन्हें एक समुदाय का समर्थन प्राप्त था। वर्चस्व की लड़ाई अक्सर सड़कों पर फैल जाती थी, जो अक्सर राजपूत बनाम ब्राह्मण नारों के साथ विभाजित होती थी। 1997 में कथित तौर पर शाही को मार गिराने के बाद शुक्ला थोड़े समय के लिए विजयी हुए, लेकिन अगले साल पुलिस मुठभेड़ में मारे गये। रक्तपात और गैंगवार ने बॉलीवुड फिल्मों के लिए चारा प्रदान किया, लेकिन कारोबारी समाज के लिए, यह जबरन वसूली के लगातार खतरे के साथ डर का माहौल था। लेकिन पिछले महीने हरिशंकर तिवारी की मौत की खबर बमुश्किल एक फुटनोट जैसी आयी। उसका अंतिम संस्कार सामान्य तरीके से हुआ, जो योगी आदित्यनाथ की माफियाओं पर नकेल कसने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसलिए अब यह चर्चा आम है कि गोरखपुर कभी मच्छरों और माफियाओं के लिए बदनाम था, लेकिन अब विकास और तीन 'एम', यानी मेट्रो, मैन्युफैक्चरिंग और माफिया मुक्त के लिए जाना जाता है। लोग कभी इस सुप्त शहर में तीव्र गति से हो रहे परिवर्तनों से अभिभूत हैं। एक समय था, जब लोग दिल्ली जाने का सपना देखा करते थे, क्योंकि वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध थीं। अब दिल्ली गोरखपुर आ गयी है।

# भोपाल में युवक को पट्टा बांध कर घसीटा, भौंकने को कहा

## सीएम शिवराज बोले, एनएसए की कार्रवाई होगी, बुलडोजर भी चलेगा

**आरोपियों ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने के लिए एक युवक को यातनाएं दी गयीं। उसके गले में पट्टा बांधकर घसीटा गया। उसे सड़क पर घुटनों के बल बैठाकर भौंकने को कहा गया। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें विजय नाम का पीड़ित कह रहा है कि मैं मियां भाई बनने के लिए तैयार हूं। वीडियो सामने आने के बाद सोमवार को पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। इनमें से तीन आरोपी फैजान खान, समीर खान और साहिल उर्फ सलाउद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि आरोपियों पर एनएसए लगाया गया है।

### पीड़ित ने लगाये गंभीर आरोप

पीड़ित पंचवटी कॉलोनी, लालघाटी का रहने वाला है।


विजय के गले में कुत्ते का पट्टा डाल कर घसीटते और पकड़े गये आरोपी।

पुलिस को शिकायत करते हुए उसने बताया कि घटना 9 जून की रात की है। सूत्रों के मुताबिक पुलिस को उसने बताया है कि मैं और मेरा दोस्त शाहरुख शादी में लैंडमार्क गार्डन गये थे। वहां से रात 12.30 बजे लौटे। शाहरुख टीला जमालपुरा का रहने वाला है। हम एक्टिवा पर थे। मैंने शाहरुख को फूटा मकबरा के नजदीक उतारा और अपने घर के लिए बढ़ गया। राम मंदिर वाले रोड पर मुझे फैजान लाला, साहिल बच्चा और समीर मिले। इन्हें मैं पहले से जानता हूं। समीर ने मुझे रोककर तमाचे मारे। फैजान जेब की तलाशी लेने लगा। समीर दूर खड़ा होकर दोनों को उकसा रहा था। इतने में बिलाल, मुफीद और एक अन्य वहां आ गये। मुझे चाकू दिखाकर बाइक पर बैठा लिया। बाइक फैजान चला रहा था, समीर मुझे पकड़कर पीछे बैठा था। मेरी एक्टिवा की चाबी और दोनों मोबाइल छीन लिये। एक्टिवा वहीं छोड़ दी। सभी मुझे गौतम नगर, पीजीबीटी कॉलेज के मैदान में ले गये। कोने में सुनसान इलाके में ले जाकर फैजान और साहिल ने गले में बेल्ट बांध दिया। समीर, बिलाल, मुफीद और साहिल ने मारपीट की। जेब में पड़े 700-800 रुपये निकाल लिये। वे मारते-पीटते हुए कह रहे थे कि तू मियां बन जा। बड़े का मांस खाने लग। तू डरपोक है, तेरे में जिगरा नहीं है।

### 6 आरोपी गिरफ्तार, थाना प्रभारी लाइन हाजिर

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई करने और तीन आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने के आदेश दिये हैं। वहीं, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र से 24 घंटे में रिपोर्ट मांगी है। गृह मंत्री मिश्रा ने कहा कि हमने 24 घंटे में कार्रवाई करने की बात कही थी। 6 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये। थाना प्रभारी को लाइन अटैच कर दिया गया। ऐसी घृणित मानसिकता वाले लोग, ऐसी घृणित सोच को हम कुचलने का काम करेंगे। भोपाल में वो कार्रवाई हो, जो पूरे मध्य प्रदेश के लिए नजीर बने।

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय में नये प्राचार्य बने डी प्रसाद पासवान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट विद्यालय की कार्यकारिणी समिति ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के वरीयतम शिक्षक डी प्रसाद पासवान को विद्यालय का नया प्राचार्य नियुक्त किया है। डी प्रसाद पासवान ने सोमवार को अपराह्न में प्राचार्य पद का प्रभार ग्रहण किया।

इस मौके पर कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव, विद्यालय के वरीय शिक्षकों, प्रशिक्षकों सहित कार्यालय कर्मी, नोवा के कई गणमान्य सदस्य और लातेहार जिला प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित थे। डॉ प्रसाद पासवान राज्य स्तर के एक शिक्षाविद हैं।

**मई 2023 से अगले तीन वर्षों के लिए डी प्रसाद पासवान को झारखंड अधिविद्य परिषद का सदस्य भी मनोनीत किया गया है**

उन्होंने नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वर्ष 1997 से अब तक अर्थशात्र विषय के विद्वान शिक्षक के रूप में अपनी उत्कृष्ट और अनवरत सेवा प्रदान की है। डॉ पासवान की शैक्षिक योग्यता और शिक्षा जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप वर्ष 2016 से 2019 की अवधि के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद के सदस्य के रूप में उन्हें मनोनीत किया गया। वहीं मई 2023 से अगले तीन वर्षों के लिए उन्हें झारखंड अधिविद्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ पासवान ने अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि मगध विश्वविद्यालय से वर्ष 1988 में प्राप्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने बीएड, एमएड और डॉक्टरेट की भी उपाधियां हासिल की। डॉ पासवान ने बीएलएलबी और पत्रकारिता में भी उपाधियां हासिल की हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.4 °c | 26.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.37 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.04 बजे | |

वेदर



### अज्ञातवास में रहने के बाद भगवान जगन्नाथ ने दर्शन दिया, विशेष अनुष्ठान के बाद भव्य नेत्रदान संपन्न

# प्रभु जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में पंद्रह दिनों तक अज्ञातवास में रहने के बाद सोमवार को भगवान जगन्नाथ ने दर्शन दिया। इस मौके पर विशेष अनुष्ठान के बाद उनका भव्य नेत्रदान किया गया। बता दें कि 4 जून को भगवान अज्ञातवास में चले गये थे।



## आज मौसीबाड़ी पहुंचेंगे प्रभु जगन्नाथ

मंदिर मंडप में संध्या में भगवान बाहर निकले और भक्तों को दर्शन दिया। इसके बाद अगले दिन यानी 20 जून को भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथयात्रा शाम के चार बजे निकाली जायेगी और भक्त भगवान का रथ खींचते हुए उन्हें मौसीबाड़ी पहुंचायेंगे। यहां दस दिनों तक रहने के बाद 29 जून को वह अपने धाम लौटेंगे। इसे घुरती रथ कहा जाता है।

## जानें क्या है मान्यता

पंद्रह दिनों के एकांतवास के बाद भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा भक्तों के बीच आयेंगे। इससे पूर्व संध्या चार बजे नेत्रदान अनुष्ठान पूर्ण होता है। धार्मिक विधान के अनुसार पंद्रह दिनों के एकांतवास के दौरान भगवान जगन्नाथ सहित भाई-बहन का विशेष श्रृंगार किया जाता है। अंतिम दिन नेत्र का श्रृंगार किया जाता है। इसे ही नेत्रदान कहा जाता है।

मान्यता है कि ज्येष्ठ की गर्मी में प्रभु इतना ज्यादा स्नान कर लेते हैं कि वह बीमार पड़ जाते हैं। पंद्रह दिनों तक उनका उपचार किया जाता है। स्वस्थ होते हैं तो वे अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। अनुष्ठान के दौरान भव्य रूप से 108 दीपों की आरती होती है। पूजा-अर्चना के बाद गुड़ की बुंदिया और मालपुआ का भोग लगाया जाता है।

## रथ मारवाड़ी सहायक समिति सजा रही

मारवाड़ी सहायक समिति रथयात्रा मेले में 1913 से सहयोग कर रही है। इस बार समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ औरमनीष लोधा को जगन्नाथपुर रथ मेला का प्रभारी नियुक्त किया गया। नेत्र उत्सव में भगवान का पुष्प श्रृंगार और प्रसाद (मालपुआ) का भोग वितरण समिति की ओर से किया गया। 20 जून मंगलवार को रथयात्रा के दिन संपूर्ण मंदिर परिसर में फूलों का अलौकिक श्रृंगार, रथ का श्रृंगार किया जायेगा। इसके बाद महाभोग लगाया जायेगा, जिसमें बुंदिया, भुजिया पेड़ा, मीठा पुलाव रहता है। साउंड और लाइट की व्यवस्था की गयी है। विष्णु सहस्त्रनाम के पाठ का आयोजन और 251 किलो बुंदिया का भोग लगाया जायेगा। श्रद्धालुओं के लिए शिविर में चना और पानी की व्यवस्था की गयी है।

## सुबह से प्रभु देंगे दर्शन, सज गया मेला

मंगलवार को प्रभु मंदिर प्रांगण में ही सुबह छह बजे से भक्तों को दर्शन देंगे। मंदिर में इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। सैकड़ों स्वयंसेवक के साथ पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगी। इसके बाद से ही दस दिवसीय मेले का भी शुभारंभ हो जायेगा। यहां पड़ोसी राज्यों से भी कलाकार, दुकानदार, झूले वाले आते हैं। राज्य के विभिन्न जिलों से भी दुकानदार यहां दुकान लगाते हैं। पहली बार मेले की नीलामी 75 लाख में की गयी है, इसलिए छोटे दुकानदार काफी परेशान हैं। हालांकि, मेला सज गया है। मंगलवार से दस दिनों तक काफी चहल-पहल रहेगी।

**छह बैरिकेडिंग, 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे से होगी निगेहबानी**

मंगलवार को शुरू होनेवाले जगन्नाथपुर रथ मेले की तैयारी अंतिम चरण में है। मेला परिसर में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के 700 पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी है। एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि मेला परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जगह-जगह सीसीटीवी लगाये गये हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। आयोजन के पूर्व तैयारी को देखने और सुरक्षा तथा अन्य व्यवस्थाओं के मद्देनजर दिशा-निर्देश देने एसएसपी समेत जिला प्रशासन के अधिकारी मेला स्थल पहुंचे। मेला परिसर का मुआयना किया। मेले में सुरक्षा को देखते हुए कुल 16 बैरिकेडिंग लगाये गये हैं। वहीं 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। सादे लिबास में महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी भी रहेंगे। ड्रोन से भी निगरानी की जायेगी।

## मुख्यमंत्री को रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को जगन्नाथपुर मंदिर धुर्वा के प्रथम सेवक-सह-मंदिर न्यास समिति के सदस्य ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव और सेवक अमरदीप कौशल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।



भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
Cuttack-753006, Odisha, India

विज्ञापन संख्या 12/जेआरएफ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"पूर्वी भारत में मिट्टी की गुणवत्ता, उपज स्थिरता और चावल के दाने की गुणवत्ता का मात्रात्मक मूल्यांकन : एक एकीकृत त्रिकोणीय उपाय"** शीर्षक परियोजना ईएपी-377 के तहत एक **(01) जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) के चयन के लिए** दिनांक 30.06.2023 को प्रत्यक्ष साक्षातकार आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **www.icar-nrri.in** पर उपलब्ध है ।

Walk-in-Interview is to be held on **30.06.2023** for selection of **one (01) Junior Research Fellow (JRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Quantitative Assessment of Soil Quality, yield sustainability and grain quality of rice in eastern India: A unified triangular approach" (EAP-377)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigation

## बगोदर में ट्रक मालिक की गोली मार कर हत्या

बगोदर। गिरिडीह के बगोदरडीह में एक बाइक सवार नकाबपोश अपराधी ने दिनदहाड़े एक ट्रक चालक की गोली मार कर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बगोदरडीह निवासी राजकुमार यादव के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार ट्रक मालिक के मोबाइल पर किसी व्यक्ति का फोन आया, जिसके बाद वह उस व्यक्ति से मिलने के लिए बगोदरडीह स्थित पेट्रोल पंप गया। इस दौरान बाइक सवार एक नकाबपोश अपराधी आया और एक के बाद एक तीन राउंड फायरिंग कर फरार हो गया।









## जरूरतमंद बच्चों के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना का शुभारंभ

# आधुनिक तकनीक के साथ मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी : सुनीता चौधरी

**कोई बच्चा किसी से कम नहीं, अपनी क्षमता के अनुसार दे अपना शत प्रतिशतः माधवी मिश्रा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** मेधावी और जरूरतमंद बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रशिक्षण की व्यवस्था डीएमएफटी के माध्यम से की गई है। सोमवार को विधायक सुनीता चौधरी एवं डीसी माधवी मिश्रा ने रामगढ़ प्रखंड परिसर के समीप कोचिंग सेंटर का शुभारंभ किया।

### मुख्य बातें

1. सरकारी विद्यालयों के चयनित 50 बच्चों को मेडिकल और 50 बच्चों को आइआइटी सहित इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए दिया जायेगा प्रशिक्षण।
2. 24 घंटे सातों दिन बच्चे शिक्षकों के संपर्क में रहकर दूर कर सकेंगे अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा।
3. संसाधनों का अभाव प्रतिभावान बच्चों के लिए अब नहीं बनेगा रुकावट।
4. ईमानदारी से प्रयास करने पर जरूर मिलेंगे परिणाम।

### जिला प्रशासन की पहल की विधायक ने की सराहना

कार्यक्रम में विधायक सुनीता चौधरी ने जिला प्रशासन द्वारा जिले के प्रतिभावान बच्चों के लिए शुरू की गयी मेडिकल व आइआइटी कोचिंग की सराहना करते हुए मन लगाकर बच्चों को पढ़ने और जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। वही अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य ने भी बच्चों को कोचिंग सेंटर का पूरा लाभ लेने और जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दिया। विधायक और उपायुक्त द्वारा कोचिंग सेंटर का शुभारंभ करने के उपरांत मंगलवार से बच्चों के लिए सातों दिन कक्षाएं संचालित होंगी। वहीं अवकाश के दिनों में बच्चों के लिए विशेष योजना के तहत दुविधाओं को दूर करने एवं पूरे हफ्ते जो भी चीजें उन्होंने सीखी हैं उनके आकलन हेतु परीक्षाओं का आयोजन किया जायेगा। कोचिंग सेंटर के सभी क्लासेस ऑफलाइन होंगे। लेकिन बच्चों को शिक्षकों द्वारा पढ़ाए गए वीडियोस की रिकॉर्डिंग कॉपी क्लास पूरी होने के उपरांत उपलब्ध कराया जायेगा वही बच्चे 24 घंटे सातों दिन शिक्षकों के संपर्क में रहकर किसी भी समय अपनी किसी भी दुविधा को दूर कर सकेंगे।

### डीसी ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

मौके पर डीसी ने जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों से चयनित 50 मेडिकल और 50 इंजीनियरिंग के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि आप में जो भी प्रतिभा है उसका इस्तेमाल करते हुए आप ना केवल अपना बल्कि पूरे रामगढ़ जिले का नाम देश भर में रोशन करें। इस तरह की पहल आप सभी के लिए इसलिए खास है क्योंकि अब प्रतिभा होने के बावजूद पैसे के अभाव में आपको देश के सर्वोच्च शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता है। आप सभी मन लगाकर पढ़े एवं जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई इस सेवा का पूरा लाभ ले। वही अपनी किसी भी प्रकार की दुविधा को बिना झिझक के त्वरित रूप से प्रशिक्षण के दौरान ही दूर करें। कहा कि कोई बच्चा किसी से कम नहीं है। अगर आप सभी अपनी क्षमता के अनुसार ईमानदारी से प्रयास कर अपना शत प्रतिशत देंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनने के लिए शुभकामनाएं दी।

## विद्या मंदिर में रथ यात्रा पर सभा का आयोजन



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बाल विद्या मंदिर आरा कोलियरी में रथ यात्रा के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदी शिक्षक सुनीता कुमारी और अंग्रेजी शिक्षक भागीरथ प्रसाद ने रथ यात्रा की महत्ता को विशेष तौर मौजूद छात्र - छात्राओं को जानकारी दी। मौके पर प्राचार्य रंजीत कुमार सिंह व वरिष्ठ शिक्षक गुरमीत धीमान ने संयुक्त रूप से रथ यात्रा पर्व की महत्ता और इसकी विशेषताओ पर वर्णन किया। साथ ही, कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय में होनी चाहिए। जो विद्यार्थियों को ज्ञानार्जन हेतु एक अच्छा साधन है। इस अवसर पर रंजन मिश्रा, पुष्पिता कुमारी, कामेश्वर प्रसाद, दुलालचंद कुशवाहा, ज्योति कुमारी, सबिता कुमारी, भुवनेश्वर महतो, कुलदीप महतो, बैजनाथ प्रसाद समेत कई शिक्षक व विधार्थी शामिल रहे।

## गाड़ीलौंग में दीदी कैफे कैंटीन का शुभारंभ



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** सरकार के एक लाख के सहयोग से जेएसएलपीएस के तत्वधान में गाड़ीलौंग में दीदी कैफे कैंटीन का सोमवार को शुभारंभ किया गया। दीदी कैफे कैंटीन का उद्घाटन गाड़ीलौंग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुभान अंसारी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर साव, गाड़ीलौंग आजीविका महिला संकुल संगठन के अध्यक्ष सचिव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टंडवा प्रखंड मे पहली बार कोई महिला होटल चलायेगी। समुह की अध्यक्ष रीना देवी ने बताया कि इस कैफे कैंटीन में लजीज व्यंजन ग्राहको को मिलेगे। इसमे चाऊमीन, चिकन चिली अंडा रोल, मिक्स वेज, चौमिन, मंचूरियन नाश्ता और खाना मिलेगा। इधर मुखिया पति सुभान अंसारी ने कहा कि महिलाओं की स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार की ऐसी योजनाओं से महिलाये आत्मनिर्भर हो सकती है। मौके पर गाड़ीलौंग पंचायत के महेंद्र यादव, भीम साव उपेन्द्र यादव,सुधा राणा, ममता देवी, रीना देवी, समेत दर्जनों महिलाएं उपस्थित थे।

## रामगढ़ के साहित्यकारों को मिला सम्मान



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जोहार कलमकार मंच झारखंड गिरिडीह के वार्षिक समारोह में रामगढ़ के कवि, साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। रामगढ़ के सरोज झा झारखंडी, राकेश श्रीवास्तव नाजुक, सुदीप अग्रवाल संकल्प, शैलजा कुमारी को मोंगिया सरिया के एमडी गुणवंत सिंह मोंगिया, प्रो. राममोहन पाठक, संस्था की अध्यक्षा ममता बनर्जी ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सबों को सम्मानित किया। रामगढ़ के कवियों ने अपनी रचनाओं से सभागार में उपस्थित लोगों का मन जीत लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय कवि संगम के प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार मेवाड़, उत्तम सिन्हा, विक्रांत कुमार, मनोज कुमार, अमित कुमार, ललन जी सहित दर्जनों लोगों ने बधायी दी।

## विधायक अंबा प्रसाद ने किया जलमीनार और छठ घाट का शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**पतरातू ।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पतरातू बस्ती तालाब में छठ घाट निर्माण और रेल श्रमिक उच्च विद्यालय में सौर ऊर्जा द्वारा संचालित पानी टंकी का शिलान्यास स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा शिलापट्ट का अनावरण नारियल फोड़कर किया गया। दोनों योजनाओं का क्रियान्वयन 15 वें वित्त आयोग से होगा। शिलान्यास कार्यक्रम मे विधायक को पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक अंबा प्रसाद को भव्य तरीके से ढोल नगाड़ों और माला पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। शिलान्यास कार्यक्रम में ग्रामीणों में काफी हर्ष का माहौल देखा गया ग्रामीणों ने विधायक को इस कार्य के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया गिरिजेश कुमार, पंसस ज्योति गुप्ता, पूजा देवी, सुषमा सिंह, शकुंतला देवी, सुमन देवी, भूषण गिरी, अवधेश सिंह, धनंजय सिंह, प्रकाश सिंह, थालेश्वर सिंह, संजना पाठक, पुष्पा देवी, प्रमिला देवी, द्रोपति देवी, सरिता देवी, पूनम देवी, गुड़िया देवी, बसंती देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जीएम ऑफिस को बीटीटीआइ में शिफ्ट करने की पहल का कोफिमयू ने किया स्वागत

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** केल फिल्ड मजदूर यूनियन की बैठक सोमवार को भुरकुंडा थाना के पीछ प्रधान कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता यूनियन के महामंत्री सुरेंद्र पाठक व संचालक वरीय उपाध्यक्ष विजय कुमार मिश्र ने किया। बैठक में बरका-सयाल प्रबंधन द्वारा जीएम ऑफिस स्मॉल हॉल टाउन का निर्माण बीटीटीआइ भुरकुंडा में करने की पहल का स्वागत करते हुए प्रबंधन को धन्यवाद दिया गया। मौके पर सुरेंद्र पाठक ने बताया कि वर्ष 1992 में जीएम ऑफिस को बरकाकाना से सयाल लाया गया था। जिसका नाम बरका-सयाल रखा गया था। जिसका हमारी यूनियन ने पूरजोर विरोध किया था। वहीं विजय कुमार मिश्र ने कहा कि जीएम ऑफिस को भुरकुंडा में लाने के लिए जीएम अजय कुमार सिंह व भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक की सराहनीय भूमिका है। बैठक में राजनाथ यादव, केपी मेहता, रीता कुजूर, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद थें।

## लू लगने से तीन की मौत, एक की हत्या होने की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में चार लोगो की मौत हो गयी। जिसमें तीन की मौत लू लगने से मौत हो गयी तथा एक वृद्ध की मौत के पीछे हत्या की आषंका जतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार कोबना पंचायत के बांकी गांव निवासी नंदलाल दास को दोपहर मे एकाएक ठंढ लगी और तेज बुखार आ गया। जिसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बिनोद राज ने उपायुक्त से परिजनों के आर्थिक स्थिति को देखते हुए उचित मुआवजा की मांग की है। दूसरी घटना वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र के राजगुरू गांव के चैकीदार तिलोचंद गंझुकी मौत लू लगने से हो गयी। वह डियुटी कर रात में घर लौटा, इसी बीच उसकी तबियत बिगडी। उसने तत्काल इसकी सूचना वशिष्ठनगर थाना प्रभारी गुलाम सरवर को दिया। थाना प्रभारी ने थाना के सरकारी वाहन से उसे तत्काल हंटरगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीसरी घटना मीरपुर पंचायत के आमीन गांव के स्वर्गीय बासुदेव सिंह का पुत्र 37 वर्षीय उद्धल सिंह हरियाणा के सिरसा जाने के लिए घर से निकला और ट्रेन के लिए गया जंक्षन पहुंचा। इसी बीच उसका अचानक तबियत बिगड़ने लगा। साथ जा रहे दोस्तों ने उसे नजदीकी क्लिनिक में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गयी। इसके अलावे चैथी घटना लेंजवा पंचायत के नौकाडीह गांव की है। बिहार के गया जिला के रोषनगंज थाना की है। बिहार -झारखंड के सीमा पर जगदीश यादव की मौत हो गयी। कुछ लोगों द्वारा शराब कारोबारियों के द्वारा हत्या की बात कह रहे हैं तो कुछ लोग लू लगने के कारण मौत होने की बात कह रहे हैं। पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया तथा शव को परिजनों को सौंप दिया।

## विधायक ने सेवटा में स्वास्थ्य उपकेंद्र को शुरू कराने को लेकर डीसी को भेजा पत्र



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने सेवटा स्थित निमार्णाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र को चालू कराने को लेकर डीसी रामगढ़ को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने अनुशंसा पत्र में लिखा है रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेवटा (वार्ड नम्बर आठ) में स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कई वर्ष पूर्व में हो चुका है। परंतु आवश्यक संसाधन के अभाव में नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। विधायक जेपी पटेल ने उपायुक्त से प्राथमिकता के आधार पर उक्त स्वास्थ्य उप केंद्र को संचालित कराने की अनुशंसा की है। इस मामले में सेवटा के ग्रामीणो ने विधायक प्रतिनिधि संजय शाह को मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल के नाम स्वास्थ्य उपकेंद्र को चालू कराने को लेकर ग्रामीणों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र सौंपा गया था। जिस पर संजय शाह ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए विधायक जेपी पटेल के समक्ष आवेदन सौंपा है।

## मुखिया ने किया तालाब का शिलान्यास



**गोला (आजाद सिपाही)।** सोसो कलां मुखिया नीता देवी ने सोमवार को अपने क्षेत्र के धमना टांड़ गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का शिलान्यास शिलापट्ट से पर्दा उठाकर और नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना की शुरूआत की गयी है। इस योजना के तहत किसानों को तालाब दिया जा रहा है। कहा कि देश में बढ़ रहे जल संकट को देखते हुए सरकार द्वारा ये कदम उठाया गया है। मौके पर पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, लईक आलम, रेखा देवी, सुरेंद्र महतो, दिनेश महतो, संजय महतो, गिरिधारी महतो, शंकर महतो, डोमन महतो, प्रदीप महतो, ठाकुर महतो, लीला देवी, मोहरी देवी, मिलापो देवी आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी सीजीएम ने नेत्रहीन सोमेश को किया सम्मानित

**एनटीपीसी ने सोमेश को मदद कर किया सामाजिक दायित्व का निर्वहन, सोमेश की सफलता युवाओं के लिए है प्रेरणादाई : सीजीएम तजेंद्र गुप्ता**



आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** नॉर्थ कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट टंडवा के मुख्य महाप्रबंधक तजेन्द्र गुप्ता ने अपने कार्यालय में ग्राम सिसई निवासी नेत्रहीन सोमेश को सम्मानित किया। सोमेश को बचपन से दृष्टिबाधिता की समस्या थी ही लेकिन सोमेश के जीवन में समस्याओं का पहाड़ तब और आ गया, जब बचपन में पिता गुजर गये और कोरोना काल में इनकी देख भाल करने वाली मां भी गुजर गयी। सोमेश के घर में आर्थिक समस्या उत्पन्न हो गयी। संज्ञान में आते ही टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय के द्वारा इनके मदद के लिए सांसद चतरा सुनील कुमार सिंह को संज्ञान में देते हुये एनटीपीसी टंडवा से मदद का आग्रह किया। एनटीपीसी महाप्रबंधक ने इसे गंभीरता से लेते हुये पुरी संवेदनशीलता से सोमेश के मदद के लिये आगे आये। एनटीपीसी के द्वारा सोमेश के घर पानी की समस्या के समाधान के लिए डीप बोरिंग करवाया गया और सोमेश की आगे पढ़ाई बढ़िया चले इसके लिए नया डिवाइस दिया गया। आज सोमेश दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में जॉब प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि मुसीबत लाख आ जाये पर मन में दृढ़ निश्चय के साथ संकल्प हो तो आनी जज्बा, जुनून, लगन और मेहनत से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। सोमेश की सफलता से एनटीपीसी मुख्य महाप्रबंधक तजेंद्र गुप्ता ने बधाई देते हुए सम्मानित किया और गुप्ता ने बताया कि एनटीपीसी सोमेश को मदद पहुंचाकर समाजिक दायित्व का निर्वहन किया है। सोमेश की सफलता हर युवाओं के लिए प्रेरणादाई है कि विपरीत परिस्थिति में भी सफल हुआ जा सकता है। सम्मान कार्यक्रम में विशेष रूप से टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, एनटीपीसी सीएसआर जीएम अनील चावला, सोमेश का बड़ा भाई प्रवेश, सुदर्शन, एनटीपीसी सीएसआर प्रबंधक जीत कुमार व अन्य उपस्थित थे।

## कुंदरियाबांध में पांच दिवसीय महायज्ञ पर 24 जून को निकलेगी कलश यात्रा

**कुजू (आजाद सिपाही)।** आगामी 24 जून से कुंदरियाबांध (कुजू) में होने वाले पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की मंदिर परिसर में तैयारी बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से शामिल यज्ञाचार्य विकास पांडेय से महायज्ञ को सफल संचालन को लेकर तैयारी सहित कई बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान आगामी 24 जून को कलश यात्रा, 27 जून को नगर भ्रमण, 28 जून को पूणार्हुति के साथ महायज्ञ सम्पन्न कराने की सहमति बनी। वही, 28 जून को कुमकुम बिहारी जागरण मंडली द्वारा जागरण का आयोजन होगा। साथ ही, 25 जून से 27 जून तक कथावाचिका बाल विदुषी लाडली शरण जी महाराज और सीताराम शरण का प्रवचन होगा। मौके पर अध्यक्ष विनोद मेहता, मुखिया जय कुमार ओझा, राकेश कुमार, अशोक कुमार, छवि भुइयां, महेंद्र प्रसाद मेहता, शिवा मेहता, विकास प्रसाद साहू, मोती प्रसाद, इंद्र मोहन शर्मा, शिबू प्रसाद साहू, रामप्रसाद साहू, रामकुमार प्रसाद, मनीष प्रसाद, लखन प्रसाद, संजय साहू, सुभाष कुमार, आशीष मुखर्जी, पप्पू गुप्ता, पंकज गुप्ता, राजेश पांडेय, अनिल मेहता, विक्रम ठाकुर, विजय महतो, पंकज भुइयां, टिंकू भुइया समेत कई धर्मप्रेमी शामिल है।

## गोला में लाभार्थी सम्मेलन संपन्न, शामिल हुए सांसद



**गोला (आजाद सिपाही)।** स्वर्ण वनिक धर्मशाला में सोमवार को लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल के कार्यक्रम में केन्द्र की योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब कल्याण के योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास, किसान निधीज उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, शौचालय, हर घर नल, पंचायतों में सामुदायिक भवन का लाभ मिल रहा है । कहा कि केंद्र में फिर एक बार भाजपा की सरकार बनेगी, कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय डो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता एवं संचालन महामंत्री जितेंद्र साहु ने किया। मौके पर लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, कुंटु बाबु, राजु चतुवेर्दी, खिरोधर साहु, रंजन फोजी, बबलू साव, अशोक कुमार, स्नेह लता चौधरी, पंचम चोधरी, मनोज कुमार महतो, संतोष कुशवाहा, विकास मणी पाठक, देंवती देवी, सुधा देवी, प्रीतम झा, प्रदीप ठाकुर, त्रिलोचन प्रजापति, नंद किशोर महतो, प्रमोद रजवार आदि थे।

## भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयले में लगी आग बुझायी गयी

**प्रदूषण नियमों का शत प्रतिशत होता है पालनः संचालन समिति**

**रेलवे के अवैध कब्जाधारियों से होती है परेशानी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** भदानीनगर भुरकुंडा साईडिंग परिसर में सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कांफ्रेंस में साईडिंग संचालक धनंजय यादव ने बताया कि भुरकुंडा रेलवे साईडिंग के कोल स्टॉक में लगी आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। आग को फैलने से शत प्रतिशत रोक दिया गया है। लगभग 80 प्रतिशत कोयले के आग पर काबू पा लिया गया है। बाकी में भी आग बुझाने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि जिस कोयले में आग नहीं लगा था, उस कोयले को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया गया है। जिससे कोयले की आग का फैलाव रूक गया है। जले हुए कोयले को उसी स्थान पर फैला कर प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए दमकल के माध्यम से आग बुझाने का कार्य जारी है। धनंजय यादव ने कहा कि भुरकुंडा रेलवे साईडिंग में आग लगने कर मुख्य कारण साईडिंग के बगल में रेलवे के जमीन पर अवैध रूप से कर रह रहे लोग हैं। इन लोगों द्वारा निरंतर कोयले की चोरी की जाती है। साथ ही कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा निजी स्वार्थ के लिए साईडिंग संचालको पर बे-वजह दबाव बनाया जाता है। कोयले में आग लगने से कुछ दिन पहले भी अवेध रूप से रहने वाले कुछ असामाजिक तत्वों के साथ हम लोगों का वाद-विवाद भी हुआ था। जिसकी शिकायत भदानीनगर ओपी में की गयी थी। वैसे गर्मी के दिनों में कोल स्टॉक में आग लग जाती है। लेकिन इतने बड़े स्तर पर यहां आग लगना साजिश का हिस्सा था। हमलोगों को पूर्ण विश्वास है कि कार्य में विघ्न डालने के उद्देश्य से इन्हीं असामाजिक तत्वों द्वारा कोयला में आग लगायी गयी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के सभी मापदंडो का इस साईडिंग में पूर्ण रूप से पालन होता है। सभी अर्हताओं को पूरा करने के कारण ही प्रदूषण विभाग से साईडिंग संचालन की अनुमति मिली है। प्रेस कांफ्रेंस में हरिलाल बेदिया, रईस अंसारी, भोला यादव, किशोर यादव, राजेश आदि मौजूद थें।

## अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव को सफल बनाने के लिए योगाभ्यास

**हंटरगंज (आजाद सिपाही)।** 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्थानीय उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित होने वाले योग शिविर में भाग लेने के लिए योगाभ्यास किया गया। यह कार्यक्रम सुबह पांच बजे से सात बजे तक आयोजित की जायेगी। इस संबंध में योग शिक्षक अभय कुमार सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग पांच हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है, जिसमें पुलिस और सीआरपीएफ के जवान, प्रखंड कार्यालय कर्मी, स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारी, जेएसपीएल महिला समूह की महिलाएं तथा कक्षा 6 से उपर के सभी विद्यार्थी शामिल होगें। यह कार्यक्रम पंतजलि योग समिति झारखंड राज्य प्रभारी रामजीवन पांडे के मार्गदर्शन में सफल बनाया जायेगा, जिसके लिए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को भाग लेने की अपील की गयी है।

# भारत की सार्थक पहल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की सदस्यता देने का प्रस्ताव करके एक बड़ी कूटनीतिक पहल की है। इस पहल को कई वजहों से अहम माना जा रहा है। जी-20 देशों की अगली शिखर बैठक सितंबर में ही नयी दिल्ली में होने वाली है। भारत अभी इस समूह की अध्यक्षता कर रहा है। वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर विकासशील देशों की मौजूदगी बढ़ाने और उनके स्वर को मजबूती देने का पहले से ही पक्षधर रहा है। जी-20 समूह की अध्यक्षता की इस अवधि में भी उसकी खास तौर पर कोशिश रही कि इस समूह में विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व बढ़ा कर इसे ज्यादा प्रासंगिक और उपयोगी बनाया जाये। इसी क्रम में उसने साल की शुरुआत में वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट की भी मेजबानी की ताकि गरीब और विकासशील देशों से जुड़े मुद्दों को जी-20 के अजेंडा में शामिल किया जा सके। इस बैठक में ज्यादातर अफ्रीकी देश शामिल हुए और इन देशों की सदस्यता का मसला भी वहीं से जोर पकड़ा। गौर करने की बात है कि 54 अफ्रीकी देशों में से सिर्फ एक देश साउथ अफ्रीका इस ग्रुप का सदस्य है, जबकि यूरोप के पांच देशों के साथ ही यूरोपियन यूनियन को भी इसकी सदस्यता हासिल है। इन देशों की कुल आबादी 1.3 अरब से भी अधिक है। जाहिर है, इतने बड़े जनसमूह को, उसकी जरूरतों और उनसे जुड़े मुद्दों को अपने दायरे से बाहर रखना कोई समझदारी की बात नहीं होगी। हालांकि भारत की ओर से प्रस्ताव रख दिये जाने भर से सदस्यता का यह सवाल हल नहीं हो जाता। जी-20 समूह के विस्तार का कोई भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से ही आगे बढ़ सकता है। ऐसे में भारत के इस प्रस्ताव पर भी बात तभी बनेगी, जब जी-20 के सभी देश इस पर सहमत होंगे। मौजूदा हालात में ऐसी सर्वसम्मति बनाना आसान नहीं होगा, लेकिन इसके बावजूद भारत की ओर से यह प्रस्ताव आना महत्वपूर्ण है। एक वजह तो यही है कि इससे कम से कम यह मुद्दा एजेंडे पर आ गया। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता हासिल करने का भारत का लक्ष्य। भारत ने अपनी यह इच्छा छुपायी नहीं है। वह शुरू से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर छोटे और विकासशील देशों का मुद्दा उठाने के लिए जाना जाता रहा है। इस पहल के जरिए उसने अपनी इस छवि को तो मजबूती दी ही, अफ्रीकी देशों के साथ अपने जुड़ाव को भी एक बार फिर से रेखांकित कर दिया है। अफ्रीकन यूनियन को संयुक्त राष्ट्र महासभा में परमानेंट ऑब्जर्वर का दर्जा हासिल है और ये 54 अफ्रीकी देश वोटरों का एक बड़ा समूह बनाते हैं। जाहिर है, न केवल जी-20 समूह को ज्यादा व्यापक बनाने और उसके जरिए इस दुनिया को ज्यादा न्यायपूर्ण बनाने के लिहाज से बल्कि सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के सवाल पर भारत के लिए इन 54 देशों का समर्थन सुनिश्चित करने की दृष्टि से भी पीएम मोदी की यह ताजा पहल बेहद महत्वपूर्ण है।

**जी-20 समूह के विस्तार का कोई भी प्रस्ताव सर्वसम्मति से ही आगे बढ़ सकता है। ऐसे में भारत के इस प्रस्ताव पर भी बात तभी बनेगी, जब जी-20 के सभी देश इस पर सहमत होंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पिछले मार्च में अमेरिकी वाणिज्य सचिव गीना राएमोंडो, जून के पहले सप्ताह में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन और 13 जून को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन को भारत भेज कर बाइडन ने भारतीय नेताओं के साथ जिस तरह की सहमतियों और समझौतों को हरी झंडी दिखायी है, उनसे भारत की आर्थिक, तकनीकी और सैन्य क्षमता में भारी इजाफा होगा।**

# पीएम के अमेरिका दौरे पर चीन समेत दुनिया की नजरें

रंजीत कुमार

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बुलावे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जून के तीसरे सप्ताह में अमेरिका दौरा ऐसे माहौल में हो रहा है, जब दुनिया में रिश्तों के समीकरण पलट चुके हैं। भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते परस्पर शक के दायरे से निकल कर परस्पर विश्वास के दौर में पहुंच चुके हैं। पिछले मार्च में अमेरिकी वाणिज्य सचिव गीना राएमोंडो, जून के पहले सप्ताह में अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड आस्टिन और 13 जून को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन को भारत भेज कर बाइडन ने भारतीय नेताओं के साथ जिस तरह की सहमतियों और समझौतों को हरी झंडी दिखायी है, उनसे भारत की आर्थिक, तकनीकी और सैन्य क्षमता में भारी इजाफा होगा। इन समझौतों से भारत की वैश्विक ताकत के तौर पर हैसियत मजबूत होगी, तभी भारत, चीन का प्रभावी विकल्प भी बन सकेगा। यह अमेरिका के भी हित में है कि वह भारत को जल्द से जल्द चीन के विकल्प के तौर पर खड़ा होने में मदद करे।



**भारत अमेरिका के बीच इस साल द्विपक्षीय व्यापार 180 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यदि उम्मीदों के अनुरूप भारत में अमेरिकी तकनीक ने जड़ें जमाईं तो यह व्यापार कई गुना और बढ़ सकता है। चीन और अमेरिका के बीच सालाना 700 अरब डॉलर का व्यापार होता है।**

## भू-राजनीति में बदलाव

चीन से कोरोना महामारी के विश्व भर में फैलाव और यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद दुनिया की भू-राजनीति में भारी बदलाव हुआ है। रूस और चीन ने आपसी सामरिक साझेदारी को और मजबूत बनाकर अमेरिका से मुकाबला करने का संकल्प लिया है।

**चीन और अमेरिका के बीच सालाना 700 अरब डॉलर का व्यापार होता है।**

उधर, अमेरिका ने समान विचार वाले देशों के बीच कई तरह का गुट बना कर चीन की चुनौतियों से निबटने की रणनीति बनायी है। जहां भारत चार देशों के गुट क्वॉड (अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान) में अहम भूमिका निभा रहा है, वहीं अमेरिका ने पश्चिम एशिया में चार देशों का एक और गुट (आइ2यू2 यानी भारत- इस्राइल, अमेरिका- संयुक्त अरब अमीरात) खड़ा कर इस इलाके में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की कोशिश की है।

बेशक, भारत के खिलाफ चीन ने जिस तरह से आक्रामक रुख अपनाया हुआ है, उसका सामना करने के लिए उसे अमेरिका जैसी विश्व शक्ति की मदद की जरूरत है।

वहीं, चीन का विकल्प बनने के लिए भारत को उससे बेहतर तकनीकी और रक्षा ताकत बनना होगा। इसके लिए अमेरिका ने भारत को हर किस्म की मदद देने का रास्ता साफ कर दिया है।

इसी इरादे से जहां मार्च में वाणिज्य सचिव गीना रायमोन्डो ने भारत दौरे में सेमिकंडक्टर सप्लाई चेन और आविष्कार साझेदारी के क्षेत्र में सहयोग के ज्ञापन पर दस्तखत किये।

वहीं, रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन के साथ बातचीत में भारतीय सेना को मॉडर्न बनाने के लिए एक खास रोडमैप पर सहमति बनी। इसके तहत अमेरिका हर तरह की संवेदनशील रक्षा तकनीक वाले उत्पाद भारत के साथ साझा करने को तैयार हुआ है।

इसीलिए अमेरिका जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा विकसित लड़ाकू विमानों के जेट इंजन भारत में बनाने की अनुमति देने को तैयार हुआ है। इन जेट इंजनों को भारत में बनाए जाने वाले लड़ाकू विमान एलसीए- मार्क-2 में लगाने का प्रस्ताव है।

1998 में पोखरण परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका ने एलसीए विमान के लिए न केवल जेट इंजनों की सप्लाई रुकवा दी थी, बल्कि भारत के एक एलसीए विमान को भी जब्त कर लिया था। फिर भी भारत-अमेरिका के रिश्तों को केवल चीन के नजरिये से ही नहीं देखा जाना चाहिए। अमेरिका और भारत के बीच आर्थिक रिश्तों को और गहराई देने की अहमियत कम नहीं है।

भारत अमेरिका के बीच इस साल द्विपक्षीय व्यापार 180 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। यदि उम्मीदों के अनुरूप भारत में अमेरिकी तकनीक ने जड़ें जमाईं तो यह व्यापार कई गुना और बढ़ सकता है।

चीन और अमेरिका के बीच सालाना 700 अरब डॉलर का व्यापार होता है। चीन को इस लायक बनाने में भी अमेरिका का बड़ा योगदान रहा है, लेकिन जब चीन इसके बावजूद अमेरिका को आंखें दिखा रहा है, तो स्वाभाविक है कि अमेरिका उससे सहयोग को कम कर भारत के साथ रिश्तों को गहराई देगा।

इसीलिए बाइडन ने भारतीय प्रधानमंत्री को वाइट हाउस में राजकीय अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया है और उनके सम्मान में 22 जून को राजकीय भोज भी रखा गया है। यूं तो ये सांकेतिक अहमियत की बातें हैं, लेकिन इससे अमेरिकी प्रशासन के भारत के प्रति बदले हुए सकारात्मक रुख का संकेत जरूर मिलता है।

मानवाधिकारों और जनतांत्रिक मूल्यों को लेकर भारत के बारे में अमेरिका में जिस तरह की बातें की जाती हैं, उन सभी को नजरअंदाज कर अमेरिकी प्रवक्ता ने भारत को एक जीवंत लोकतांत्रिक देश बताया है।

प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका दौरे की एक और खासियत है कि उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को दूसरी बार संबोधित करने का विशेष निमंत्रण मिला है।

अमेरिकी प्रशासन ने इस तरह प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा की उर्वर जमीन तैयार कर दी है, जिसके आधार पर भारत अमेरिका 21वीं सदी की सबसे अहम साझेदारी को ठोस आकार देने वाले दूरगामी महत्व के कई निर्णयों का ऐलान करेंगे।

## नतीजों पर निगाहें

अमेरिकी और भारतीय शिखर नेताओं में सामरिक, आर्थिक एवं कूटनीतिक क्षेत्रों में जिस तरह की सहमतियों की उम्मीदें की जा रही हैं, वे विश्व समर मैदान में खेल का पासा पलटने वाली साबित होंगी। यही वजह है कि चीन सहित पूरी दुनिया की नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के नतीजों पर विशेष निगाह रहेगी।

# जमशेदपुर की खबरें

## तिलक पुस्तकालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा बिष्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 53वॅं जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सोमवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में केक काटकर कांग्रेसियों ने उनके दीघार्यु का कामना की। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने शुभकामना संदेश देते हुए कहा कि भारत में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने। ताकि राहुल गांधी के नेतृत्व में देश के नौजवानों को नौकरी मिले, हर मध्यम वर्गीय परिवार और गरीब परिवार को महंगाई से निजात मिले यही कामना करते है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सहित एल बी सिंह, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, के के शुक्ल, सुरेश धारी, सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अंसार खान, नलिनी सिन्हा महिला अध्यक्ष, गुरदीप सिंह, ज्योति मिश्र, संध्या दास, रंजीत सिंह, संजय प्रसाद, राहुल गोस्वामी, बिरेंद्र पाण्डेय, रविंद्र शर्मा, अनंत लाल, इंतिखाब वास्ती, जसवंत सिंह जस्सी, सन्नी सिंह, सुशील घोष, इन्द्रदेव प्रसाद, सलीम खान, सुदर्शन तिवारी, अजय मिश्र, प्रमोद मिश्र, मुन्ना सिंह सहित सैकड़ो कांग्रेसी शामिल हुए।

## सुरक्षाकर्मियों ने ट्रैक्टर से तांबा और लोहा किया बरामद, पुलिस को सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांड्रा।** सरायकेला खरसावां जिले के कांड्रा थाना अंतर्गत रतनपुर स्थित नीलांचल आयरन एंड पावर लिमिटेड कंपनी से निकल रहे ट्रैक्टर को कंपनी के सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर रोक दिया। तलाशी के दौरान छुपा कर रखे गए तांबे और लोहे की बरामदगी के बाद ट्रैक्टर को जप्त कर उसे कांड्रा पुलिस को सौप दिया। कंपनी के महाप्रबंधक गंगाधर बाजपेई ने बताया कि ट्रैक्टर के चालक और सह चालक ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए माफी मांगी। भरोसा दिलाया दोबारा ऐसी गलती उनके द्वारा नहीं की जायेगी। उधर कंपनी प्रबंधन के द्वारा स्थानीय पुलिस सूचना देने पर पुलिस ने कार्रवाई में जुट गई है। सूत्रों के मुताबिक जिस कांट्रैक्टर के अधीन में उक्त ट्रैक्टर संचालित है उसे ब्लैक लिस्टेड किया जायेगा। साथ ही उचित कार्रवाई की जायेगी। बताया जा रहा है टैक्टर कांट्रेक्टर मेसर्स जेआर मंडल के अधीन कार्यरत है।

## ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावा जिला के ईटाकुर गांव में राज्यपाल सी.पी.राधाकृष्णन ने ग्रामीणों से सीधा संवाद की। मौके पर उन्होंने कहा वे झारखंड के कई सुदूरवर्ती गांवों में दौरा कर चुकें है। कई सफल स्वयं सहायता समूह के सदस्यों से संवाद भी किया। राज्यपाल ने कहा राज्य में स्वयं सहायता समूह महिलाओं की दशा एवं दिशा बदलने के लिए सामाजिक क्रांति का रूप ले चुका है। इस अवसर पर संवाद के क्रम में गाँव के मुखिया ने बताया गाँव के आजीविका का मुख्य स्त्रोत कृषि है। वहाँ के लोगों को मनरेगा योजना का लाभ के साथ विभिन्न आवास योजना के तहत आवास भी मिलता है। सर्वजन पेंशन, 100 यूनिट फ्री बिजली, जल नल योजनाओं, अन्य योजनाओं के द्वारा पंचायत में कार्य किये जा रहे हैं। आनेवाले समय में यह पंचायत आदर्श पंचायत होगा। संवाद के क्रम में काशीडीह टोला की महिला ने बताया उनके टोला में पेयजल हेतु मात्र एक कुआं हैं। जो बहुत पुराना है और इससे लोगों की आवश्कता के अनुरूप जल प्राप्त नहीं हो पाता है। जानकारी मिलते ही राज्यपाल ने उपायुक्त को समस्या का निदान के लिए कहा। मौके पर उपायुक्त ने महिला को आश्वस्त किया शीघ्र ही संबंधित अभियंता टोला में जायेंगे। जल की समस्या को दूर करने के लिए समुचित रूपरेखा तैयार की जायेगी। वही संवाद के दौरान मानीटोला गांव के ग्रामीणों ने कहा गांव में सड़क की आवश्यकता है। उपायुक्त ने सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और सरकार की अन्य योजना के माध्यम से करने की बात कही। मौके पर दूधी गांव की एक महिला ने बताया स्वयं सहायता समूह से जुड़कर उनके जीवन में बदलाव आया है। इस अवसर पर राज्यपाल के द्वारा लाभुकों के बीच मध्य परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

## शहर में वर्ष 1950 से बसे शरणार्थियों ने भूमि बंदोबस्त के लिए मुख्यमंत्री से किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के अधीन गोलमुरी व सीतारामडेरा के पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी, ईस्ट बंगाल कॉलोनी व सिन्धी रिफ्यूजी कॉलोनी में वर्ष 1950 से बसे शरणार्थियों ने भूमि बन्दोबस्त कर पट्टा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम पत्र लिखा। सोमवार को पत्र के माध्यम से ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह गंभीर ने कहा भारत मे आजादी के बाद पूर्वजो ने भारत विभाजन का दंष क्षेल कर आए परिवारां की व्यथा आज भी यथास्थिति में है। भारतवर्ष की आजादी में पूर्वी पाकिस्तान से बंगाली समुदाय के सदस्य व पश्चिमी पाकिस्तान से पंजाबी एवं सिन्धी परिवार के सदस्य तत्कालीन बिहार राज्य स्थित सिंहभूम जिला के बारा मौजा में शरणार्थियों को बसाया गया था। सभी परिवार को वर्ष 1950 में वर्त्तमान गोलमुरी व सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के पंजाबी रिफ्यूजी कॉलोनी, ईस्ट बंगाल कॉलोनी एवं सिन्धी कॉलोनी के नाम पर बिहार सरकार की अनाबाद भूमि पर बसाया गया था। यह भू-खण्ड टाटा लीज की भूमि से बाहर है। इस भू-खण्ड के ईस्ट बंगाल रिफ्यूजी कॉलोनी बस्ती में लगभग 135 परिवार में बंगाली शरणार्थी, पंजाबी व सिन्धी रिफ्यूजी 350 शरणार्थियों को आवास बनाकर बसाया गया था। वर्त्तमान में लगभग 400 व 200 के करीब परिवार अपना-अपना मकान बनाकर परिवार के साथ जीवन यापन कर रहे हैं। स्वतंत्र भारतवर्ष की धरती पर सन 1950 से इस भू-खण्ड पर आवास बनाकर बसाने के बावजूद शरणार्थी परिवार के सदस्यों के नाम अपना भूमि बन्दोबस्ती पट्टा अबतक नहीं मिल पाना निराषाजनक है। साथ ही अब तक सम्मान को ठेस पहुँचाने वाला विषय बना हुआ है। जबकि सम्पूर्ण भारतवर्ष के अन्य राज्यों में बसे शरणार्थियों का भूमि संबंधी मामला हल हो चुका है। उन्होंने कहा वर्त्तमान झारखण्ड राज्य व पूर्ववर्ती बिहार राज्य के भू-खण्डों में भी बसाए गए शरणार्थियों को भूमि बन्दोबस्ती पट्टा देकर मालिकाना हक दिया गया। लेकिन पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर में शरणार्थियों को अब तक नही मिला। वैधानिक दस्तावेज नहीं होने से परिवार में पढ़ने-लिखने वाले बच्चों स्थायी निवास प्रमाण-पत्र निर्गत कराने में असमर्थ है। कई वार राज्य सरकार के पास गुहार लगाई गई लेकिन सफलता नहीं नही मिली। उन्होंने शरणार्थियों की अस्मिता व पहचान को बचाने के लिए हेमंत सरकार से उक्त भू-खण्ड का बन्दोबस्ती करने के लिए आग्रह किया।

## चिह्नित आंदोलनकारियों को पार्टी करेगी सम्मानित: चंद्रगुप्त सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के जिला समिति की एक बैठक अध्यक्ष कन्हैया सिंह के नेतृत में आयोजन किया गया। सोमवार को निर्मल गेस्ट हाउस में आयोजित बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता अप्पू तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन सरवन सिंह सरदार के द्वारा किया गया। मौके पर अतिथि पूर्व मंत्री सह आजसू के केंद्रीय प्रधान सचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर श्री सहिस ने कहा आजसू पार्टी के स्थापना दिवस पर सभी नेता व कार्यकर्ता पार्टी के झंडे का सम्मान करने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा सभी कार्यकताओं से आग्रह है अपने अपने घरों के ऊपर झंडा लगाए क्योंकि झारखंड में आजसू पार्टी ही आंदोलन की उपज है। हमे इसे साबित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा जिन उधेश्यो के लिए आजसू पार्टी की स्थापना हुई है उन उद्देश्य की पूर्ति के लिए पुनः एक और आंदोलन करने की जरूरत है। उसके लिए हम सभी को संकल्प लेना होगा। ताकि इस राज्य के सर्वांगीण विकास का सपना देखने वाली आजसू का सपना पूरा हो सके। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व से मिले निदेर्शों और जिन्हे मिला है दायित्व सभी लोग कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा सभी विधानसभा प्रभारी अपने अपने क्षेत्रों में स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाए। मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने बताया राज्य सरकार के द्वारा पिछले 4 वर्षो की सरकार के वायदे और उससे जुड़ी कमियों के साथ साथ सरकार के द्वारा लगभग सभी विभागों में हो रहे लूट और झूठ की उपलब्धियों की गिनती कराएंगे। उन्ही विषयो पर चर्चा कर प्रत्येक विधानसभा में जनपंचायत के माध्यम से सरकार की विफलताओं को जनता के बीच में रखेंगे। उन्होंने कहा पार्टी की मजबूती के लिए विधानसभा वार पार्टी के सक्रिय व साधारण सदस्यों की संख्या बढ़ाने की संकल्प लेने के लिए कार्य करेंगे। बैठेक में जिला प्रभारी प्रो रवि शंकर मौर्या ,चंद्रगुप्त सिंह, प्रणव मजूमदार, फनिभूषण महतो, संजय मलाकार,मुन्ना सिंह ब्रजेश, संजय सिंह, अप्पू तिवारी, सोमू भौमिक, चंद्रेश्वर पांडेय, प्रमोद सिंह, प्रकाश विश्वकर्मा, अजय सिंह बब्बू, धर्मवीर सिंह, अशोक मंडल, सरवन सिंह सरदार, ललन झा, देवशीस चौधरी, अरूप मल्लिक, धनेश कर्मकार, हेमंत पाठक, मंगल टुडू, साहेब बगती, उमाशंकर सिंह, चंदन सिंह , मनोज मुखी, सोनू सिंह, अभय सिंह , प्रवीन प्रसाद,लक्षुम्न बाग, समीर खान, कुंदन सिंह छोटू , सत्येंद्र यादव, राजू प्रजापति, सुमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### धर्म की रक्षा करनेवालों की रक्षा धर्म करता है : जीयर स्वामी



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** इन्द्रियों के दमन से व्यक्ति बनता है यशस्वी धर्म की रक्षा करने वालों की रक्षा धर्म करता है कहीं भी जायें, वहां से दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटें। उत्पन्न परिस्थितियों में अपने विवेक से निर्णय लें, जिससे भविष्य कलंकित न हो पाए। प्रयास हो कि वहां अपने संस्कार संस्कृति एवं परम्परा के अनुरूप कुछ विशिष्ट छाप छोड़कर आयें, ताकि तत्कालिक परिस्थितियों के इतिहास में आप का आंकलन विवेकशील एवं संस्कार संस्कृति संरक्षक के बतौर किया जा सके। उन्होंने भागवत कथा के प्रसंग में इन्द्रियों के निग्रह की चर्चा की। इन्द्रियों को स्वतंत्र छोड़ देने से पतन निश्चित समझें। एक बार अर्जुन इन्द्रलोक में गये हुए थे। वहां उर्वशी नामक अप्सरा का नृत्य हो रहा था। नृत्य के पश्चात अर्जुन शयन कक्ष में चले गये। उर्वशी उनके पास चली गयी। अर्जुन ने आने का कारण पूछा । उर्वशी ने वैवाहिक गृहस्थ धर्म स्वीकार करने का आग्रह किया। अर्जुन ने कहा कि मृत्यु लोक की मयार्दा को कलंकित नहीं करूंगा। उर्वशी एक वर्ष तक नपुंसक बनने का शाप दे दिया। अर्जुन दुर्गुण और अपयश लेकर नहीं लौटे। उर्वशी का शाप उनके लिए अज्ञातवाश में वरदान सिद्ध हुआ। स्वामी जी ने कहा जो धर्म की रक्षा करता है, उसकी रक्षा धर्म करता है। जो धर्म की हत्या करता है, धर्म उसकी हत्या कर देता है। 'धर्म एव हतो हन्ति। इसलिए धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि जो हमारे पाप, अज्ञानता और दुःख का हरण करे, वो हरि है। वेदांत दर्शन की बात की जाए तो संसार में आने का मतलब ही होता है, कि इसमें रहना नहीं है। परिवर्तन का नाम संसार है। आश्चर्य है कि ऐसा जानकर भी जीव स्थायी ईश्वर को भूल नश्वर संसार में आसक्त है। जैसे घुमते चाक पर बैठी चीटी और ट्रेन के यात्री कहें कि हम तो केवल बैठे हैं। यह उचित नहीं, क्योंकि शरीर से जैसे घुमते चाक पर बैठी चीटी और ट्रेन के यात्री कहें कि हम तो केवल बैठे हैं। यह उचित नहीं, क्योंकि शरीर से श्रम भले न लगे लेकिन यात्रा तो तय हो रही है। मन से ईश्वर के प्रति समर्पण से वे रक्षा करते हैं।

### मिलेनियम पब्लिक स्कूल में एक नाबालिग छात्रा के साथ कुकृत्य के आरोप में प्रबंधन ने प्रिंसिपल को पद से हटाया

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री बंशीधर शहर के विशुनपुर में स्थित मिलेनियम पब्लिक स्कूल में गुरु एवं शिष्य के संबंध को तार तार करने का मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। चर्चा के मुताबिक स्कूल के प्रिंसिपल मंजूर राही पर विद्या के पवित्र मंदिर में एक नाबालिग छात्रा के साथ किये गए कथित कुकृत्य से गुरु शिष्या की मर्यादा तार तार होने की खबर है। उक्त नाबालिग छात्रा ने स्कूल आना बंद कर दिया है। बदनामी के कारण पीड़ित परिवार के लोग सामने आकर बोलने से डर रहे हैं। मामला उच्च स्तरीय जांच का विषय है। जांच के बाद मामले की गंभीरता की पुष्टि हो पाएगी। हालांकि घटना सामने आने पर स्कूल प्रबंधन ने मंजूर राही को प्रिंसिपल के पद से हटा दिया है। इसकी पुष्टि स्कूल के निर्देशक मुमताज राही ने करते हुए बताया कि अभी तक किसी भी अभिभावक द्वारा इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यह बिल्कुल अफवाह है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा एक जांच कमेटी बना दी गई है। जिसमें वे स्वयं भी हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के दोषी पाए जाने पर आगे बढ़ कर प्रशासनिक कार्रवाई के लिए लिखेंगे।

### जेइइ एडवांस 2023 में आरके पब्लिक स्कूल, गढ़वा की छात्रा अलिशा हुई सफल



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा अलिशा खातून ने आईआईटी गुवाहाटी द्वारा घोषित जेईई-एडवांस 2023 में अपनी सफलता का परचम लहराया है। आरके पब्लिक स्कूल की छात्रा अलिशा खातून ने सीबीएसई मैट्रिक (दसवीं) 2020 की परीक्षा में 98.4% अंक प्राप्त कर राज्य में तीसरा स्थान व गढ़वा जिला टॉप कर स्कूल व अपने माता-पिता के साथ-साथ गढ़वा जिला को भी गौरवान्वित किया था। इसके बाद 2022 में सीबीएसई बारहवीं विज्ञान विषय में 97.6% अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आज फिर उसने अपनी लगन, परिश्रम और स्वध्याय से जेईई एडवांस 2023 में जेनरल ईडब्ल्यूएस में 2900 रैंक लाकर अपनी सफलता का परचम लहराकर सभी को गौरवान्वित किया। अलिशा की पढ़ाई नर्सरी से बारहवीं तक आरके पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा गढ़वा से ही हुई। वह शुरू से ही स्कूल की मेधावी छात्रा रही। उसकी इस सफलता पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि अलिशा एक सामान्य परिवार से आती है। दसवीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल से उसे निःशुल्क शिक्षा दी गई। आगे उन्होंने कहा कि बच्चों को अलिशा से प्रेरणा लेनी चाहिए जिसने बिना कोचिंग व ट्यूशन के स्वध्याय के बल पर यह सफलता हासिल की। यह स्कूल के कर्मठ व योग्य शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि गढ़वा जैसे छोटे शहर के बच्चे भी बिना विशिष्ट कक्षा व विख्यात कोचिंग की सफलता के परचम लहरा रहे हैं। अलिशा खातून व धारा सोनी की सफलता से स्कूल परिवार में हर्ष व्याप्त है। यह स्कूल के लिए गौरव की बात है।

**बैठक :** उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा, दिये निर्देश

# राशन वितरण में कमजोर प्रदर्शन करने वाले प्रखंड व्यवस्था में सुधार लायें

**बैठक में अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण पूछने का दिया गया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। जिलान्तर्गत चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यान्वयन एवं अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई एवं विभागवार बारी-बारी सभी विभागों की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निदेश दिए गयें। उक्त बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता गढ़वा पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, रंका एवं नगर उंटारी के क्रमशः राज महेश्वरम, राम नारायण सिंह एवं आलोक कुमार, सिविल सर्जन, डॉ अनिल कुमार, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के सभी बीडीओ, सीओ, एमओ आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा राज्य स्तर में हुई समीक्षात्मक बैठक में गढ़वा जिले का प्रदर्शन अच्छा होने पर सभी पदाधिकारियों को बधाई दी गई तथा इसी प्रकार आगे भी कार्य करने की बात कही गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान मनरेगा, आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, पेयजल, स्वास्थ्य, राजस्व, सर्वजन पेंशन, कल्याण, समाज कल्याण, पर्यटन आदि अन्य विकासात्मक योजना के बारे में समीक्षा की गई। मनरेगा के अंतर्गत मानव दिवस सृजन की समीक्षा की गई। प्रखंड नगर उंटारी में एम्प्लॉयमेंट प्रोवाइडेड पैटर्न के तहत मानव दिवस सृजन में निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्राप्त उपलब्धि प्रगति के कमजोर प्रदर्शन पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। विभिन्न योजनाओं के पूर्णता के तहत इनके इंस्टॉलमेंट रिलीज प्रतिवेदन आदि में बेहतर सुधार करते हुए 15 दिनों के अंदर प्रतिवेदन की मांग की गई। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस के तहत राशन वितरण को लेकर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान राशन वितरण को लेकर कमजोर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई एवं व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा गया। आगामी 25 एवं 26 जून को मनाये जाने वाले चावल दिवस में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करने की बात कही गई। मृत लाभुकों, प्रवासी लाभुकों आदि का सर्वे कराकर प्रतिवेदन की मांग की गई। चावल दिवस के सफल संचालन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए 100% सफलतापूर्वक संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ इसके अतिरिक्त कृषि गणना, कर संग्रहण, लैंड डिमार्केशन आदि के बारे में बात की गई एवं पेंडिंग आवेदनों को 25 दिनों के अंदर निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। 30 दिनों के बाद भी यदि पेंडिंग आवेदन को निष्पादित नहीं किया गया तो संबंधित पदाधिकारियों को कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया। बैठक में अनुपस्थित पाए गए पदाधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया।

## भारतीय टीम में शामिल होने पर जिला बैडमिंटन संघ ने नीरज को किया सम्मानित

**गढ़वा इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अखिल भारतीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ग में 10वां एवं अंडर-19 में 39वां स्थान लाने पर गढ़वा के नीरज केसरी को जिला बैडमिंटन संघ की ओर से सम्मानित किया गया। गढ़वा इंडोर स्टेडियम के प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित कर जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने नीरज केसरी को सम्मानित किया।

उक्त अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. पतंजलि केसरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इंफोसिस इंटरनेशनल चैलेंज प्रतियोगिता में नीरज का चयन किया गया है। इससे हम सभी गढ़वावासी एवं खेल प्रेमी गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भारतीय टीम की ओर से अंडर-17 वर्ग के लिए नीरज का चयन किया गया है, जो आगामी 20 जून से 27 जून तक लखनऊ में आयोजित की जानी है। इसके लिए हम सभी इनके सुखद भविष्य की कामना करते हैं। साथ ही उम्मीद करते हैं कि नीरज इस बार भी जीत हासिल कर देश का नाम रौशन करेंगे।

ओंकारनाथ केसरी ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ी का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह गर्व की बात है। यहां के खिलाड़ी सीमित संसाधन में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। सुभाष केसरी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। बच्चे का जिस क्षेत्र में रुचि हो अभिभावक उसे जाने दें। अपनी रूचि के अनुसार कार्य क्षेत्र का चयन करने पर हमारे लड़के या लड़कियां बेहतर कैरियर बना सकेंगी। हंसानंद स्वामी ने कहा कि खेल के क्षेत्र में झारखंड का नाम पहले से ही रोशन रहा है। झारखंड के धौनी ने हमारे प्रदेश का नाम पहले से ही रौशन कर दिया है। यहां के खिलाड़ी प्रेरणा लेकर मेहनत और सही मार्गदर्शन प्राप्त कर अपना और अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें।

मौके पर सरजू प्रसाद केसरी, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, श्याम नारायण पांडेय, चंदन कुमार, विशाल कुमार, मनोज कुमार, दिनेश कुमार एवं संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ई. ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में गढ़वा जिला कांग्रेस कार्यालय में आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जन जन के नेता राहुल गांधी का 53वां जन्मदिवस केक काट कर मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रभात दुबे ने कहा कि देश की जनता राहुल जी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। जनता महंगाई, बेरोजगारी व भुखमरी से त्रस्त है। प्रदेश सचिव अरविंद तूफानी ने कहा कि अपने नेता राहुल जी के जन्म दिवस पर स्वस्थ, दीर्घायु एवं लम्बी उमर की कामना करते हैं। इस मौके पर एनएसयूआइ अध्यक्ष पीयूष चौबे, जिला महासचिव त्रिपुरारी सिंह, सचिव दिवाकर चौबे, आसिफ खान, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष योगेन्द्र चौबे, रंका प्रखंड अध्यक्ष बृजेंद्र चौधरी, मंसूर अंसारी, वीर कुमार चौरसिया सहित कई लोग मौजूद थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com


## जैनुल्ला अंसारी बनाये गये झामुमो रंका अनुमंडल अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



**झामुमो जिलाध्यक्ष ने गढ़वा विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर मनोनयन पत्र सौंपा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो के वरिष्ठ नेता रंका प्रखंड के कंचनपुर ग्राम निवासी जैनुल्ला अंसारी को झामुमो का रंका अनुमंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सोमवार को उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जैनुल्ला अंसारी को माला पहना कर बधाई दी।

मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि जैनुल्ला अंसारी के नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय बनाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि जैनुल्ला अंसारी कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। इनके कुशल नेतृत्व का लाभ संगठन को मिलेगा।

बधाई देने वालों में जिला सचिव मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, विनोद चंद्रवंशी, संजय सिंह छोटू शरीफ अंसारी, रेखा चौबे, आशीष गुप्ता, दशरथ प्रसाद, दिनेश गुप्ता, कार्तिक पांडे, फैजुल्ला अंसारी, करीब अंसारी, अजय उपाध्याय, शंभू राम, विनोद चंद्रवंशी, राजेश बैठा, राजकिशोर यादव आदि के नाम शामिल हैं।

### रंका झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी ने रिम्स में भर्ती क्षेत्र के मरीजों से की मुलाकात



**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार कुमार सोनी ने अपनी टीम के साथ रांची रिम्स में जाकर रंका क्षेत्र से भर्ती लगभग एक दर्जन मरीजों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों को आश्वासन दिया कि झामुमो परिवार आपके साथ सुख दुख में सदा खड़ा है। उन्होंने कहा कि उन्हें रिम्स में इलाज को लेकर किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी तथा उनके इलाज में हरसंभव मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा सहयोग किया जाएगा। दीपक सोनी ने बताया कि रांची आने के क्रम में उन्हें जानकारी मिली कि रंका क्षेत्र से एक दर्जन से अधिक विभिन्न रोगों से ग्रसित मरीज रिम्स में भर्ती हैं। इसी को देखते हुए उन्होंने रिम्स में पहुंचकर सभी मरीजों से मुलाकात की एवं सभी का हालचाल जाना। साथ ही साथ मरीजों को आश्वस्त किया कि उन्हें इलाज में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी परेशानी हो तो उन्हें मोबाइल से सूचित करें। इस अवसर पर उनके साथ उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी भी मौजूद थे।

### ग्रामीण चिकित्सक गिरिवर प्रसाद सिंह के निधन पर शोक



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मशहूर ग्रामीण चिकित्सक गिरिवर प्रसाद सिंह 78 वर्ष का सोमवार की अहले सुबह हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र के हर वर्ग के लोगों का उनके घर पर अंतिम दर्शन के लिए तांता लग गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र, तीन पुत्री सहित सभी बच्चों का विवाह कर भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मृतक का अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर होगा, जहां मुखाग्नि उनके पुत्र कृष्णा सिंह देंगे।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**-:: सचूना ::-**

झारखण्ड गजट संख्या–485, दिनांक–12.072017 द्वारा झारखण्ड राज्य प्ले स्कूल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली–2017 का गठन किया गया है। उक्त नियमावली के अनुसार सभी संचालित प्ले स्कूल को निबंधन कराना अनिवार्य है। नियमावली के कंडिका 2(d) में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सक्षम पदाधिकारी घोशित किया गया है, साथ ही नियमावली के कंडिका 2(P) के अनुसार प्ले स्कूल का अभिप्राय किसी भी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल से है, जो 3–6 वर्श की आयु के बच्चों को ECE (Early Childhood Education) प्रदान करने के लिए राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकरण से किसी भी प्रकार की सहायता या अनुदान प्राप्त नहीं करता है।

अतः उक्त के आलोक में कोडरमा जिला अन्तर्गत संचालित सभी प्ले स्कूल के संचालकों को निदेश दिया जाता है कि दिनांक–08/07/2023 तक अपने–अपने प्ले स्कूल का निबंधन कराने हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय कोडरमा में आवेदन पत्र समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्ले स्कूल का निबंधन प्रमाण पत्र निर्गत किया जा सके। निर्धारित समय सीमा तक निबंधन नहीं कराये जाने पर प्ले स्कूल के संचालकों के विरूद्ध विधिसम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

पंजीकरण एवं आवेदन की प्रकिया की विस्तृत जानकारी झारखण्ड राज्य प्ले स्कूल (विनियमन एवं नियंत्रण) नियमावली–2017 की प्रति जिले के पोर्टल www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 300446 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)#D

उपायुक्त, कोडरमा


## मांग : भाजपा नेता ने उपायुक्त से नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ के भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की

# भ्रष्टाचार की जांच नहीं होने से भ्रष्टाचारियों का बढ़ रहा है मनोबल : रामचंद्र केशरी

**मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों से अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने जिले के उपायुक्त को आवेदन देकर नगर उंटारी व सगमा प्रखंड के बीडीओ द्वारा किये गये भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जांच नहीं होने से भ्रष्टाचारियों का मनोबल बढ़ रहा है। मनरेगा में जिला व राज्य स्तर से आवंटित राशि के विरुद्ध प्रखंडों द्वारा अत्यधिक सामग्री की राशि का भुगतान किया गया है। दोनों प्रखंडों में 60 अनुपात 40 से अधिक का एफटीओ बनाकर चहेते आपूर्तिकर्ताओं के खाते में अधिक राशि डाली गयी है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि उपायुक्त गढ़वा द्वारा अलग-अलग तीन जांच टीम बनाई गई थी, लेकिन दो जांच टीम द्वारा आज तक जांच नहीं की गयी जबकि एक जांच टीम ने विधिवत जांच तो की है, लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट जिला को समर्पित नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि हमें जिला प्रशासन पर पूरा विश्वास है कि उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर मामले की जांच कराकर दोषी अधिकारियों को दंडित करने तथा दोनों प्रखंड की जनता को न्याय दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा है कि उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में पुनः जांच टीम गठित किया जाये तथा जांच के पूर्व आवेदनकर्ताओं को जांच की तिथि व जांच स्थल की सूचना पत्र के माध्यम से दिलाया जाये। उन्होंने कहा कि पशु शेड व अन्य योजनाओं की राशि हड़पने वाले नगर उंटारी व सगमा बीडीओ को कुछ अधिकारी कब तक बचाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि नगर उंटारी व सगमा बीडीओ द्वारा मनरेगा योजना में की गई गड़बड़ी की जांच के लिये उप विकास आयुक्त द्वारा छह सदस्यीय जांच टीम गठित की गयी थी, जिसे 25 अप्रैल तक स्थल जांच करनी थी। वहीं सगमा प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की जांच यथा मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 15वें वित्त की जांच के लिये 14 व 15 जून की तिथि निर्धारित की गई थी तथा पांच सदस्यीय जांच टीम बनायी गयी थी, लेकिन जांच आज तक नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि जांच नहीं होने पर वे 14 जून को एसडीओ से मिले तो उन्हें जानकारी मिली कि अभी तक निदेशक डीआरडीए गढ़वा से जांच के लिये कोई सूचना प्राप्त नहीं है। जब वे अपने आवास पर लौटे तो उन्हें जानकारी दी गई कि डीआरडीए निदेशक आये हैं, तब मैंने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों व आवेदकों को सूचना देकर जांच की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बाद में हमें पता चला कि जांच टीम सगमा प्रखंड कार्यालय गई और बीडीओ से मिलकर वापस आ गई।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–निविदा सं० :– RE-RDD/SD/HZB/06/2023-24**

**1.कार्य की विस्तृत विवरणी:**

| ग्रुप सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RE-RDD/SD/HZB/ 06/01/2023-24 | बरही | प्रखण्ड बरही में बी0पी0एच0यू0 का निर्माण। | 5014200.00 | 101000.00 | 10000.00 | 12 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 23.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 23.06.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 03.07.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान:–
i) ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
ii) जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग
iii) e-procurement cell, मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जाएगी।
6. निविदा खोलने का स्थान:– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 06.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
10. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।
11. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 300473 Rural Development(23-24).D

# भगवान जगन्नाथ का हुआ नेत्रदान अनुष्ठान, रथयात्रा मेला आज

आजाद सिपाही टोली

**लोहरदगा।** लोहरदगा में ऐतिहासिक रथ यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। ठाकुरबाड़ी मंदिर सहित विभिन्न जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों में सोमवार को नेत्रदान उत्सव के साथ धार्मिक अनुष्ठान परंपरानुसार संपन्न हुआ। 20 जून को रथ यात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी। आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन नेत्रदान उत्सव मनाने की परंपरा के तहत नेत्रदान अनुष्ठान शुरू हुआ। सोमवार को ही भगवान जगन्नाथ स्वामी को स्नान करा कर भोग लगाया गया। इस विधि के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भगवान जगन्नाथ मंगलवार को रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर घूमने जायेंगे और नौ दिनों के बाद पूरी तरह स्वस्थ होकर घर वापस लौटेंगे। महंत ओमप्रकाश शरण ने बताया कि मंदिर में पूजा सुबह 6:00 बजे से ही शुरू होगी, लेकिन अपराह्न साढ़े तीन बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन शुभद्रा रथ पर सवार होकर ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण से निकल कर तेतरतर, थाना रोड, थाना चौक, शास्त्री चौक, रघुनंदन लेन और गुदरी बाजार से होकर महावीर चौक होते हुए महाराजा अग्रसेन पथ स्थित मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों को संपन्न कराने में श्री श्री 108 श्री जगरनाथ महाप्रभु ठाकुरबाड़ी मंदिर लोहरदगा के महंत रामनरेश शरण, ठाकुरबाड़ी मंदिर पुजारी मोहन दास, पुरोहितों और सहयोगियों में अयोध्या दास, मनोज दास,जितेंद्र दास,विष्णु दास, सर्वेश पाठक, आदित्य दास, शैलेश दास समेत अन्य शामिल थे।




### लोहरदगा में एक साथ तीन स्थानों से निकलती है रथयात्रा

जिले में रथ यात्रा मेला को लेकर तैयारी पूरी हो गयी है। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तेतरतर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, तिवारी दुरा स्थित जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर के अलावा विभिन्न प्रखंडों में रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। भंडरा प्रखंड में लगनेवाले ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला की भी तैयारी पूरी हो गयी है। विभिन्न राज्यों के दुकानदार भंडरा पहुंचकर अपनी-अपनी दुकानों के लिए जगह तलाश रहे हैं। वहीं लोहरदगा शहरी क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी, तेतरतर और तिवारी दुरा से निकलने वाली रथ यात्रा की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। भगवान जगन्नाथ के दर्शन को लेकर श्रद्धालु लालायित हैं। लोहरदगा में एक साथ तीन स्थानों से रथयात्रा निकलती है। तीनों ही रथ यात्रा का समापन मौसी बाड़ी में होता है। काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान का रथ खींचने को लेकर उमड़ पड़ते हैं।

## ठाकुरबाड़ी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर में भव्य भंडारा का आयोजन

### आम श्रद्धालुओं के साथ डीसी, एसपी ने खाया भगवान का प्रसाद



ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। भगवान का प्रसाद खाने के लिए शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में ही चटाई बिछा कर और परिसर में टेबल कुर्सी लगा कर भोग खिलाया गया। इधर जिला के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा और पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार सदल बल ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे। वहां भगवान का दर्शन कर आम श्रद्धालुओं के साथ बैठ कर भगवान का प्रसाद खाया। मौके पर सदर थानेदार अनिल उरांव, मंदिर के पुरोहित, मनोज दास समेत अन्य मौजूद थे। इधर तिवारी दुरा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में भी भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। मंदिर कमिटी के राजेश महतो, शैलेश महतो, पुजारी डीएन तिवारी, संतोष महतो आदि के द्वारा भंडारे का प्रसाद वितरण की शुरूआत की गयी। इससे पहले भगवान के विग्रहों का नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न हुई। इसके बाद भगवान को भोग लगाया गया। यहां भी हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर भंडारे का प्रसाद खाया।

## भाजपा ने किया लोहरदगा विधानसभा लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

**भाजपा विकास करने वाली पार्टी, इसका प्रमाण आम जनमानस ने दिया : सांसद**

---------------------

**झारखंड के बाहर बिचौलियों के माध्यम से बेची जा रही है बालू : सांसद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा विधानसभा स्तरीय लोहरदगा विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में किया गया।

लाभार्थी सम्मेलन में सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं की संख्या इतनी है कि एकबार में उसकी व्याख्या करना असंभव है। भाजपा विकास करने वाली पार्टी है इसका प्रमाण आम जनमानस ने दिया है। विगत 9 वर्षों से लगातार मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब, किसान, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क ,सुरक्षा, सामाजिक, आर्थिक ,महिला, युवा, वृद्ध सहित सूदूर क्षेत्र में निवास करनेवाले अंतिम व्यक्ति लाभान्वित किया है। 2024 लोकसभा विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ले। शिवशंकर उरांव ने कहा कि वर्तमान में आजादी के बाद योजनाओं का निर्माण और निष्पादन सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के संकल्प के साथ धरातल पर किया जा रहा है। मौके पर ब्रजबिहारी प्रसाद, राजकिशोर महतो ने भी संबोधित किया। मौके पर सूरज मोहन साहू, सामेला भगत, श्रीचंद प्रजापति, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, राकेश प्रसाद, नीरज कुमार नलिन, नवीन, बबलू लोहारा, सहित हजारों लाभार्थी शामिल हुए।

## निष्क्रिय कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष हटेंगे: बंधु तिर्की

### कांग्रेस चुनावी मोड में, लोहरदगा सीट जीतने का दावा, बंधु तिर्की ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा और विधानसभा सीट हर हाल में कांग्रेस पार्टी जीतेगी। इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इसको लेकर कांग्रेस संगठन पूरी तरह चुनावी मोड पर आ गया है। उपरोक्त बातें प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा। पूर्व विधायक सह कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा, कांग्रेस संगठन का प्रखंड और पंचायत कमेटी मजबूत और सशक्त होना जरूरी है। प्रखंड और पंचायत कमेटी में समन्वय होने से मजबूत और ठोस बूथ कमेटी बनेगी। सशक्त बूथ कमेटी के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा सीट कांग्रेस हर हाल में जीतेगी। बंधु तिर्की ने कहा, राज्य, जिला, प्रखंड और पंचायत में विस्तारित कमेटी की स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा हूँ। प्रेस वार्ता के मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, वरीय कांग्रेस नेता नेसार अहमद, जगदीप भगत समेत अन्य मौजूद थे।

**डंपिंग यार्ड पर भाजपा की चुप्पी दुखदः बंधु तिर्की**

कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि, शहर के सघन आबादी में स्थित हिंडालको का बाक्साइड डंपिंग यार्ड को हर हाल में आबादी से दूर स्थानांतरित होनी चाहिए। इसके लिए विधानसभा में प्रश्न उठाया था। कृषि मंत्री बादल पत्र लेख ने मार्च माह तक इसे हटाने का भरोसा दिया था बावजूद, स्थिति यथावत है। डंपिंग यार्ड को हटाने के लिए भाजपा को भी जवाबदेही से पहल करनी चाहिए। वर्तमान में बॉक्साइट डंपिंग यार्ड को जनहित में हटाने के लिए सभी राजनीतिक दलों को जवाबदेही से काम करने की जरूरत है।

## मतदान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी: भोर सिंह यादव




**लातेहार(आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त भोर सिंह यादव ने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन को लेकर निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदाता सूची से संबंधित आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश और नियम/ प्रावधानों के साथ-साथ BLOApp आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया गया कि दिनांक 01/06/2023 से दिनांक 20/07/2023 तक फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के सफल संचालन हेतु बी.एल.ओ. का प्रशिक्षण निर्वाचक/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के द्वारा छोटे-छोटे समूहों में दिया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जायेगा। मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 17 अक्टूबर 2023 को किया जाना है। आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक है।

## 21 जून को मनाया जायेगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य तरीके से मनाये जाने को लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी शुरू कर दिया गया है। इसे लेकर आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर अनीश रंजन और योग प्रशिक्षक विजय कुमार साहू के द्वारा अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू को आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निमंत्रण दिया गया। इस संबंध में आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉक्टर अनीश रंजन और योग प्रशिक्षक विजय कुमार साहू ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को सुबह 6:00 से 8:00 तक 2 घंटे राजकीय कृत मध्य विद्यालय किस्को के प्रांगण पर स्थित मैदान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भव्य तरीके से मनाया जायेगा।

## रथयात्रा और बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में रथयात्रा और बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। आयोजित बैठक में आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का अपील करतें हुए। सद्भावना के तहत भाईचारे का परिचय देने की बात कही गयी। साथ ही 21 जून को विश्व योग दिवस पर बुनियादी विद्यालय में सुबह 6 बजे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने को कहा गया।

## छात्रों को विद्यालय से जोड़ने का सार्थक प्रयास है स्कूल रुआर : उपायुक्त




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा परियोजना लोहरदगा की ओर से ‍स्कूल रुआर-2023 (बैक टू स्कूल कैंपेन) के कार्यशाला-सह-बैठक का आयोजन न्यू रोड खादगढ़ा स्थित मैरेज हॉल में किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रुआर-2023 कार्यक्रम सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसके अंतर्गत छात्रों को विद्यालय से जोड़ने का सार्थक प्रयास है। हमारे सरकारी विद्यालय भी किसी निजी विद्यालय से कम नहीं है। यह कार्यक्रम बच्चों को विद्यालय में उनके नामांकन और शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। डीईओ दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने स्कूल रुआर-2023 पर 16 जून से 15 जुलाई 2023 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा ताकि बच्चों की नामांकन और ठहराव सुनिश्चित किया जा सके।

# चूवाड़ी का पानी पीने को विवश हैं ग्रामीण

### कनेक्शन देने के नाम पर मुंशी ने 2000 रुपये की मांग की, ठेकेदार ने आरोप को बेबुनियाद बताया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिले में इन दिनों तेज धूप पड़ने के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है आदमी तो आदमी जानवरो को भी पानी के लिए इधर से उधर भटकना पड़ रहा है। आस पास के कुआ तालाब सूखने लगे हैं। लोग मजबूर होकर चूवाड़ी का पानी पीने को विवश हो रहे हैं। इसी कड़ी में लातेहार सदर प्रखंड के डीही पंचायत के समीप पिपराखाड़ ग्राम में आज स्थिति ऐसी हो गयी है कि उस गांव के आसपास में कुआ तालाब सूख गये हैं जिस कारण वहां के ग्रामीणों को मजबूर होकर चूवाड़ी का गंदा पानी को छान कर पीना पड़ रहा है। जबकि जल नल योजना के तहत पास में ही जल मीनार लगाया गया है। मगर ठेकेदार के द्वारा 20 घरों में कनेक्शन देने के बजाय चार पांच घरों में ही कनेक्शन दे कर बाकी बाद घरों को कानेकशन से वंचित कर दिया गया है। इसका मुख्य कारण है कि निर्माण कार्य में लगे मुंशी के द्वारा लोगों से कनेक्शन देने के नाम पर दो हजार की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों ने देने से इनकार किया दो माह से काम को अधुरा छोड़ दिया गया है। जीस कारण आज स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गयी है कि वहां के लोग मजबुर होकर चूवाड़ी का पानी पी रहे हैं

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

अनीता मसोमात बसंती देवी लखन भगत, प्रकाश भगत, अंजू कुमारी, अनिता, सुनीता, जग्गू, संजू, सुबोध कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि मुंशी के द्वारा कनेक्शन देने से पूर्व हम लोगों से आधार कार्ड की मांग की गयी थी जब हम लोग आधार कार्ड दे दिये तो उसके बाद गड्ढे की खुदाई किया गया जब गड्ढे की खुदाई पूरी हो गयी तो कनेक्शन देने के नाम पर हम लोगों से 2000 की मांग की जाने लगी जब हम लोगों ने कहा कि यह तो केंद्र सरकार के द्वारा फ्री में कनेक्शन दिया जा रहा है तो आप लोग पैसा क्यों मांग रहे हैं। तब से दो माह बीत गये मगर अब तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। उनके द्वारा आधा अधुरा कार्य कर छोड़ दिए। जब एक माह बीत गया तो हम लोगों ने कई बार संपर्क करना चाहा मगर उनके द्वारा टालमटोल की जा रही है। आज कर देंगे कल कर देंगे मगर अब तक कार्य को पूरा नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा हम लोगों को भुगतना पड़ रहा है और इन दिनों तेज धूप पड़ने के कारण कुआ तालाब भी सूख गये।

**क्या कहते हैं ठेकेदार**

रिंकू तिवारी ने बताया कि यह जो आरोप लगाया जा रहा है कि कि मेरे मुंशी के द्वारा 2000 की मांग की जा रही है यह सभी आरोप बेबुनियाद है। किसी कारणवश काम को रोका गया था। बहुत जल्द कार्य को पूर्ण कर दिया जायेगा।

## जिला परिषद सदस्य ने किसानों के बीच धान के बीज का वितरण किया



**लातेहार (आजाद सिपाही):** सदर प्रखंड के पोचरा पंचायत में स्थित लैंपस में धान का बीज MTU 1010 50% अनुदानित दर पर कृषि कार्य के लिए वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव के द्वारा किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम में हेठपोचरा और ईचाक पंचायत के कुल 25 बिरसा किसानों के बीच टोकन और ब्लॉक चेन के माध्यम से बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सबिता उरांव, सहायक तकनीकी प्रबंधक सपना कुमारी, पोचरा पंचायत के मुखिया रामजी सिंह और इचाक पंचायत के मुखिया शशी कुजूर, पंचायत समिति सदस्य, लैंपस के अध्यक्ष, सचिव, किसान मित्र सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## ससुराल वालों ने बहु को खिलाया जहर, स्थिति बिगड़ने पर महिला को अस्पताल में कराया गया भर्ती



**सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही):** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ग्राम में ससुराल वालों ने षड़यंत्र के तहत अपने ही बहु को जबर्दस्ती जहर खिला कर जान से मारने का प्रयास किया गया। घटना रात्रि लगभग 11:30 बजे का है। महिला रजीना खातुन ने अपने ससुराल वाले के विरुद्ध जहर खिलाने का लगायी। कि छोटी छोटी बातों को लेकर हो रही घरेलू विवाद हुआ है। जिसमें कई बार अंजुमन इस्लामिया अरु और गणमान्य लोगों के पहल से समझौता भी किया गया था। परंतु महीना दो महीना के बाद सास ससुर और ननद के द्वारा पूर्व की भांति लड़ायी झगड़ा कर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था। महिला का फुफेरा भाई फिरोज अंसारी ने अपनी ममेरी बहन को जहर देने का आरोप लगाते हुए तीन नामजद के विरुद्ध कानूनी कारवाई हेतु थाना में गुहार लगया। साथ ही कहा कि बहन के ससुर उस्मान अंसारी पिता स्वर्गीय गफूर अंसारी, सास शाहजहां खातून पति उस्मान अंसारी तथा पम्मी उर्फ परिणा खातून पिता उस्मान अंसारी द्वारा षड़यंत्र के तहत रात्रि में जबर्दस्ती मेरी ममेरी बहन रजीना खातून को जहर खिलाया गया।

## आंधी तूफान ने दर्जनों परिवार का उड़ा डाला घर, बेघर हुआ गरीब परिवार



**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक आई तेज आंधी तूफान और बारिश ने जमकर तबाही मचाया है। इधर किस्को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत परहेपाट के होंदगा बड़का टांड़ निवासी अजय ठाकुर, दीपक ठाकुर और बालेश्वर ठाकुर के घर का एडवेस्टस को आंधी तूफान ने मीलो दूर उडा. ले गया, जिससे भुक्तभोगी गरीब परिवार वालों के समक्ष सिर छिपाने की चिंता बन गया है। इन भुक्तभोगी परिवार वालों ने बताया कि दोपहर अचानक आई आंधी तूफान और बारिश से हमारे घर को तहस नहस कर के रख दिया। हालांकि आंधी तूफान और बारिश से क्षेत्र के लोगों को इस भीषण गर्मी से थोड़ी बहुत राहत पहुंचा है। मामले को ले अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू ने कहा कि पीड़ित परिवार क्षतिग्रस्त आवास का फोटो आवेदन के साथ संलग्न कर कार्यालय में जमा करें जांच कर आपदा राहत कोष से क्षतिपूर्ति की राशि उपलब्ध कराया जायेगा।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका चेन को लेकर सरकार के निर्देशानुसार बैठक



**कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही):** महिला और बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में सोमवार को कैरो पंचायत के कैरो आदिवासी मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र, कैरो बिराजपुर आँगनबाड़ी केंद्र और मुस्लिम मुहल्ला उतका आँगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका चेन को लेकर सरकार के निर्देशानुसार बैठक की गयी। मौके पर महिला और बाल विकास पदाधिकारी कैरो सोनिया मंजू ठाकुर के द्वारा सरकार के निदेर्शानुसार चैन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सहायिका का कार्य और जिम्मेवारी की जानकारी विस्तारपूर्वक दी। तीनो केंद्रों में सरकार के गाइडलाइन के अनुसार ग्रामीणों के सर्वसहमति से सहायिका चैन प्रक्रिया सम्पन्न करायी गयी। मौके पर मुखिया बीरेंद्र महली, पर्यवेक्षिका लक्ष्मी तिवारी, आँगबाड़ी सेविका सुगिया कुज्जूर, सुचित्रा उरांव, अख्तरून निशा, रुकमणी उरांव, सुनीता देवी सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## 200 केवीए का ट्रांसफर्मर लगाने की मांग



**चंदवा(आजाद सिपाही)।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ने सोमवार को बिजली विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर से मिलकर कुम्हार टोली मे लगे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर को बदलकर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने जिप सदस्य से मिलकर उन्हे बताया कि यहाँ 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसपर ओवरलोड है इस कारण यहाँ प्रतिदिन बिजली कि समस्या से जुझना पड़ता है। इस भीषण गर्मी मे लोग परेशान है। बताते चले कि ग्रामीणों कि शिकायत पर रोहित यादव विभाग के एक्सक्यूटिव इंजीनियर से मिलकर उन्हे समस्या से अवगत कराया और सप्ताह दिनों के अंदर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने कि मांग कि है जिसपर विभाग द्वारा इस समस्या के समाधान हेतु आश्वासन दिया कि जल्द हि उक्त ट्रांसफार्मर बदल दिया जायेगा।

## अनियमितता और धीमी गति से चल रही जलनल योजना पर उप प्रमुख ने जतायी नाराजगी



**बारियातू(आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत फुलसु में पेयजल विभाग की ओर से चल रही जलनल योजना का उप प्रमुख निशा शहादेव ने सोमवार को निरिक्षण कर अनियमितता और धीमी गति से चल रहे कार्य में नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग के संवेदक को गुणवत्तापूर्ण और नियम संगत काम करने की नसीहत दी है। मनतशा कंट्रक्शन के द्वारा मेरे पंचायत में नल जल योजना का कार्य किया जा रहा है। जिसमें पिपराटोला मे एक जलमिनार से 31 घरों को जोड दिया गया है जिससे कोई घर मे प्रयाप्त मात्रा मे पानी नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों को भीषण गर्मी में मुशकिले बढ़ गयी है। इसी टोला मे दुसरे जलमिनार से मात्र आठ घरो को जोडा गया ये नियम के विरूद्ध है। विभाग के कनीय अभियंता से दुरभाष पर बात कर संवेदक को नियम संगत और गुणवत्तापूर्ण और तेज गति से कार्य करने का नसीहत दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जांच करायी जायेगी।

# नि:स्वार्थ भाव से कार्य करनेवाले लोगों के कारण ही समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है विकास : डॉ शशिभूषण

**विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वालों को पांकी विधायक ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबरपुर स्थित अपने फार्म हाउस में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें समाज के प्रति अग्रणी भूमिका निभाने वाली कई महिलाओं व पुरुषों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले ऐसे ही लोगों के कारण समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। वैसे लोगों का मान सम्मान बना रहना चाहिए। सम्मानित होने वालों में शहीद के पिता बालेश्वर साव, जनसंघ काल से जुड़े भीमानंद गिरी, जल सहिया जिला अध्यक्ष रिंकी देवी, मनातू अध्यक्ष इंदु देवी, पांकी अध्यक्ष कलावती देवी, अनिल गिरी, शैलेश वर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा, अनुग्रह नारायण सिंह, सुषमा देवी, आंगनवाड़ी की पूनम देवी, विभा देवी के अलावा सेवानिवृत्त शिक्षक रामदेव साहू, भाजपा के समर्पित त्रिलोकी प्रसाद, राम स्वरूप सिंह और साधु मांझी आदि शामिल हैं। सभी को अंग वस्त्र व केतली देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में लाला प्रसाद यादव, अजीत गुप्ता और भीम शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# हम सभी को जीवन की दिनचर्या में योग जरूर शामिल करना चाहिए: प्राचार्य आइजे खलखो

**विद्यार्थियों ने रंगोली एवं पेंटिंग्स कर दिया योग दिवस मनाने का संदेश, योग दिवस पर मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर/पलामू।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की डालटनगंज क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से योग दिवस से पूर्व मेदिनीनगर जीएलए कॉलेज में योग दिवस का महत्व समझाने के लिए प्री प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में क्विज, रंगोली, भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इससे पूर्व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ आईजे खलखो ने कहा कि योग दिवस की पहचान भारत की पुरातन परंपरा से है। हम सभी को जीवन की दिनचर्या में योग जरूर शामिल करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर शामिल होने की अपील करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी। वहीं, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने प्रतिभागियों को इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के उद्देश्यों के बारे में बताया। कहा कि योग के कारण दुनिया भारत से प्रभावित हो रही है। इस वर्ष की थीम योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं घरेलू थीम हर आंगन योग है। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन में शिक्षक संतोष मिश्रा एवं संजय बाड़ा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि अन्य शिक्षकों ने मूल्यांकन में योगदान दिया। क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने कार्यक्रम के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आज होगा चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस में दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी लगाई जा रही है। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा शाम प ांच बजे किया जाएगा। प्रदर्शनी देखने के लिए प्रवेश निःशुल्क है।

## 21 जून को प्रतिभागियों को मिलेगा पुरस्कार

जीएलए कॉलेज में आयोजित विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 21 जून को 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कैंपस में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

## भाजपा महाजनसंपर्क अभियान के तहत लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

# प्रत्येक जरूरतमंद तक पहुंचा मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ : सिद्धार्थ नाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरा होने पर भाजपा की ओर से पूरे देश में महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को शहर के जपला स्थित एक होटल में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता एवं संचालन महामंत्री श्रवण अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सह वर्तमान भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इनके अलावा महा जनसंपर्क अभियान के प्रमंडलीय प्रभारी गणेश मिश्रा, विनय जयसवाल, पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, विभाकर नारायण पांडे, कार्यक्रम के प्रभारी विनोद सिंह आदि भी उपस्थित थे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसमें करीब 650 से अधिक लाभार्थियों ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल बेमिशाल रहे। इस अवधि में देश के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकार की केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। मौके पर मौजूद लोगों को केंद्र की नीतियों के बारे में अवगत कराने के साथ ही मौजूदा समय में इसका फायदा ले रहे लोगों से भी विचार विमर्श किए जाने की जानकारी दी गयी। ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्हें इन सुविधाओं का कितना फायदा हो रहा है। उधर, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो विभिन्न योजनाएं आम जनता के हित में लागू किया है वह अपने आप में एक रिकार्ड है। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी बिनोद कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा, प्रफुल सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, कर्नल संजय सिंह, अशोक सिंह, अनुसूचित जनजाति के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, रामप्रवेश सिंह, अखिलेश मेहता, रामेश्वर राम, संतोष सिंह, सोमेश सिंह, सूरज विश्वकर्मा, हुसैनाबाद विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि आदि थे।

## आम जनता के हित में चलायी जा रही रिकॉर्ड योजनाएं : पलामू सांसद



भाजपा के कार्यक्रम में उपस्थित पलामू सांसद बीडी राम व यूपी के पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

# दुकानदार की हत्या के दो और आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज मुख्य बाजार में 12 जून को हुई हत्या का पलामू पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर हत्याकांड में शामिल दो और आरोपी सनी कुमार सोनी उर्फ गोलू और सुजीत कुमार उर्फ बितन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिए जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हत्याकंड में कोट निवासी रोहित सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। बताया कि मृतक छोटू कुमार उर्फ ननकू और गोली मारने वाले अपराधी के बीच दुकान लगाने को लेकर नोकझोंक होती थी। आरोपी दुकानदार छोटू को वहां दुकान लगाने नहीं देना चाहता था। इसे लेकर कई बार अपशब्दों का प्रयोग भी हुआ था। यही वजह था कि आरोपितों ने योजना बना कर छोटू की हत्या कर दी। इसके बाद सबसे पहले रोहित सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पूछताछ करने पर दो अन्य आरोपियों का खुलासा हुआ, जिसके बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपितों को लेस्लीगंज एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी, थाना प्रभारी गौतम कुमार राय के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया।

# साइबर ठग गिरोह से रहें सावधान: धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा ने साइबर ठग गिरोह से सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि उनके फेसबुक अकाउंट पर पैसों की हेरा फेरी करने वाले साइबर क्राइम में शामिल सक्रिय ठग गिरोह द्वारा रांची के आलोक दुबे के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा गया। उसे स्वीकार करने के बाद खुद को अकाउंट बंद होने का हवाला देकर फेसबुक मैसेंजर पर गुगल पे या पे फोन के जरिए 20 हजार रुपये की मांग की गयी। पर बाद में पता चला कि दोस्त ने पैसे मांगे ही नहीं थे। कहा कि आए दिन मीडिया में आधार, बैंक अकाउंट का पासबुक नंबर और खाता बंद होने की बात कर उसे दोबारा चालू करवाने की बात कहकर मोबाइल नंबर पर ओटीपी भेजकर उसकी मदद से फर्जी तरीके से पैसे निकाले जाने की घटनाएं प्रकाशित होती रहती है। इस लिए लोगों से अपील है कि ऐठे ठगों से सावधान रहें। किसी भी कीमत पर अपना बैंक अकाउंट या एटीएम का नंबर किसी को ना दें। बैंक जाकर खुद सत्यता की जांच करें, ताकि ठगी से बच सकें।

































# राहुल गांधी के जन्मदिन पर पलामू कांग्रेस ने पौधों का वितरण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिवस पर सोमवार को पलामू जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में केक काटकर व 100 लोगों के बीच पौधा वितरण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। इस दिन कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम में बिट्टू पाठक ने कहा कि पेड़-पौधे, भूमि, नदी, तालाब, वायु, पशु-पक्षी व अन्य जीव मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते है। पेड़-पौधे से ही पृथ्वी का पर्यावण संतुलित रहेगा। इसके बिना जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। कहा कि एक समय पलामू देश में वनों, पहाड़ों से आच्छादित जिला के रुप में जाना जाता था, लेकिन कालांतर में निजी स्वार्थ में लोगों ने पेड़ों को काटकर वनों के अस्तित्व को समाप्त प्राय कर दिया। जिसका खामियाजा जिले को सुखाड़, पेयजल संकट के रुप में भुगतना पड़ रहा है। सालों भर पानी से लबालब भरी रहने वाली कोयल, अमानत, औरंगा, सदाबह, बटाने, पुनपुन नदी में अब बरसात के दिनों में ही पानी रहती है। आज राहुल गांधी के जन्मदिन पर संकल्प लेने की जरुरत है कि सभी कांग्रेसी मानसून में दो पौधा खुद लगाएंगे और कम से कम दो लोगों से दो-दो पौधा लगवाने का प्रयास करेंगें। इस मौके पर 20 सूत्री के उपाध्यक्ष विमला कुमारी, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, ईश्वरी प्रसाद सिंह, समीम अहमद राइन, मुकेश सिंह, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, रुद्र शुक्ला, सिद्धनाथ प्रसाद गुप्ता, नसीम खान, शेर खांन, मीर खुर्शीद आलम, प्रमोद सिंह, शैलेश मेहता, नगर अध्यक्ष राजेश चौरसिया, मिट्ठू खान, हर्ष साहनी, मनोज अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, नंदकिशोर मिश्रा, नफीस खान, देवांग शुक्ला, अशोक पासवान, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, अनिल सिंह, अंजू देवी, चंद देवी, निर्मला कुंवर, सावित्री देव, रिंकी देवी, पूनम देवी, अभय पांडे, प्रमोद सिंह, सुरेंद्र राम और रंजीत पासवान आदि मौजूद थे।

# बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर दिया गया धरना

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में अनियमित बिजली कटौती एवं लचर व्यवस्था को लेकर सोमवार को समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में ब्लॉक स्थित विद्युत सब स्टेशन के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग हरिहरगंज प्रखण्ड वासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। समाजसेवी राजीव रंजन ने विद्युत कार्यपालक अभियंता के नाम पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा। साथ ही चेतावनी दी कि मांगे पूरे नहीं होने पर फिर से धरना देने को बाध्य होंगें।

## थाना पहुंचे आरोपी के समर्थक और मेंशन समर्थकों में नोंकझोंक, पुलिस ने खदेड़ा

# सिंह मेंशन समर्थक पर जानलेवा हमला, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनसार थाना क्षेत्र के पतराकुली जोड़ा तालाब के समीप सोमवार की दोपहर जनता श्रमिक संघ के सक्रिय कार्यकर्ता एवं सिंह मेंसन के करीबी अमित गुप्ता पर नकाबपोश अपराधियों ने जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि साहस दिखाते हुए अमित गुप्ता अपने साथियों के साथ हमलावरों से भीड़ गए। यह देख हमलावर वहां से भाग खड़े हुए। पर फिल्मी अंजाद में अमित गुप्ता और उसके साथियों ने भागने के क्रम में एक हमलावर को पकड़ लिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और पकड़े गए युवक को



थाना के सामने हंगामा करते लोग।

अपने कब्जे में ले लिया। मौके से पुलिस ने एक पिस्टल और बाइक भी जब्त की है। उधर, पकड़े गए युवक की पहचान धनसार थाना क्षेत्र के डुमरियाटाड़ निवासी मो चांद के रूप में हुई है। अमित गुप्ता को आशंका है कि गैंगस्टर प्रिंस खान के इशारे पर उसकी हत्या करने के उद्देश्य से उस पर हमला किया गया है। दूसरी ओर, घटना की जांच करने डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार बिंहा भी धनसार थाना पहुंच गए। वहां भुक्तभोगी अमित और पकड़े गए मो चांद से पूछताछ की। जबकि घटना की जानकारी मिलते ही दर्जनों मेंशन समर्थक भी धनसार थाना पहुंच गए और पकड़े गए युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। तब तक चांद के पकड़ाने की खबर पाकर कांग्रेस के महासचिव मो अफजल सहित उसके कई समर्थक भी धनसार थाना पहुंचे। सभी चांद को बेकसुर बताते हुए पुरानी रंजिश करार दिया। इस दौरान थाना परिसर में सिंह मेंशन और कांग्रेस समर्थकों की भीड़ जुटी रही। आरोपी चांद के भाई रेहान का कहना है कि 25 दिन पूर्व बच्चों के बीच हीरापुर में झगड़ा हुआ था। जिसमें एक लड़का अमित का था। इसी विवाद के कारण अमित उसे फंसा रहा है। जबकि अमित ने अफजल पर एक अपराधी को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर निशाना नहीं चूकता तो उसकी जान चल जाती। इस बीच सिंह मेंशन और कांग्रेस समर्थकों के बीच तनाव बढ़ता देख पुलिस बीच बचाव को आई और सभी को शांत कराया। सिंह मेंशन समर्थकों के भीड़ के बीच दिवाकर नामक एक समर्थक को देख कांग्रेसी आग बबूला हो गए। उनका आरोप था कि दिवाकर पर 5 दिन पहले ही मारपीट व रंगदारी का एक मामला दर्ज हुआ है। जिसमें वह फरार चल रहा है। यह सूनते ही दिवाकर अपनी कार लेकर भागने लगा। तभी कांग्रेसियों ने कार को घेर लिया। इसके बाद धनसार पुलिस दिवाकर को पकड़ ली। यह देख समर्थकों के बीच नोक-झोंक होने लगी। नौबत मारपीट तक पहुंच गयी। तभी धनसार पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ दिया। वहीं, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। एक युवक को पकड़ा गया है। पिस्टल भी मिली है। हर बिंदुओं पर जांच चल रही है।

## प्रदूषण को लेकर बंद कराया आउटसोर्सिंग का काम

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कनकनी कोलियरी प्रबंधन ने सोमवार को प्रदूषण को लेकर राम अवतार आउटसोर्सिंग कंपनी के काम पर रोक लगा दिया। कोलियरी अधिकारीयों ने कंपनी प्रबंधन को कहा कि पहले प्रदूषण की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाए तब कंपनी काम चालू करे। कंपनी द्वारा ओबीआर डंप करने और वाहनों के आवागमन के दौरान भारी मात्रा प्रदूषण हो रहा है। इसके अलावा ओबीआर को लेकर डंपिंग स्थल तक हाइवा के आने-जाने से भी काफी धूल उड़ता है।


पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

रामगढ़ थाना कांड सं0–25/2021 के अभियुक्त पवन रवि पिता बन्धु राम सा0 नावाडीह थाना रामगढ़ जिला पलामू के विरूद्ध माननीय न्यायालय द्वारा ईश्तेहार निर्गत किया गया है। अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि रामगढ़ थाना कांड सं0–25/2021 के अभियुक्त पवन रवि पिता बन्धु राम सा0 नावाडीह थाना रामगढ़ जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होन पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदरः– 9431706240

थाना प्रभारी, रामगढ़ः– 9431706260

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 300400 Police(23-24)D


## महत्वपूर्ण न्यूज

### नरेश यादव बने पूर्वी टुंडी के प्रखंड अध्यक्ष



धनबाद/पूर्वी टुंडी (आजाद सिपाही)। प्रदेश यादव महासभा झारखंड धनबाद जिलाध्यक्ष अशोक यादव और प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर यादव के नेतृत्व में पूर्वी टुंडी से कर्मठ और जुझारू समाजसेवी नरेश यादव को पूर्वी टुंडी का प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। नरेश यादव के साथ दर्जनों युवा साथियों ने प्रदेश यादव महासभा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर धनबाद जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने बताया प्रदेश यादव महासभा हर घर शिक्षा अभियान और नशा मुक्ति जो समाज को दीमक की तरह खाए जा रहा है ऐसे लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेगा। साथ ही समाज को नई दिशा और दशा देने पर जोर दिया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर यादव ने कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में भी यादव समाज बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और समाज व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर धनबाद जिला सचिव अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी यादव, महासचिव प्रह्लाद यादव, संदीप यादव, नरेश यादव के अलावा सैकड़ों यादव महासभा के युवा सदस्य उपस्थित थे।

### मूर्ति स्थापना सह मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश यात्रा

कतरास (आजाद सिपाही)। भव्य कलश व शोभा यात्रा के साथ सोमवार को बेहराकुदर में तीन दिवसीय श्री श्री राधा कृष्ण मूर्ती स्थापना सह हरि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में 351 महिलाए व कन्या कलश लेकर शामिल हुई। कलश सह शोभा यात्रा गाजे बाजे व विभिन्न धार्मिक झाकियो के साथ बेहराकुदर बस्ती का भ्रमण करते हुए बाघडेगी जोरीया पहुंचा। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जलभरण करने के बाद सभी वापस मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान धार्मिक जयकारे के साथ पूरा इलाका भक्तिमय हो गया था। समारोह में मुख्य यजमान के रूप में प्रवीण सिंह अपने पत्नी सुमन देवी के साथ बैठे है। जबकि कलश यात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, भाजयुमो कोषाध्यक्ष मिथुन सिंह राजपूत, चंद्रिका सिंह, मोहन सिंह, गोविंद सिंह, नरेश सिंह, नागेश्वर सिंह, नीपु सिंह, मुखिया जालिम रजक, उप मुखिया शरण सिंह, रंधिर सिंह, राजू सिंह, बब्लू सिंह, कुमार कामदेव सिंह, मिथुन सिंह उर्फ काला सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।

### एनएसयूआइ ने मनाया राहुल गांधी का जन्म दिवस



धनबाद (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सोमवार को एनएसयूआई झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की ओर से अनोखे अंदाज में मनाया गया। सबसे पहले सिटी सेंटर स्थित गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष वृक्षारोपण करने के बाद सिटी सेंटर चौक के समीप दुकानदारों, राहगीरो एवं आम जनता को एक-एक गुलाब फूल देकर राहुल गांधी जी के संदेश नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहा हूं का पैगाम पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, जिला महासचिव नितेश शर्मा, जिला सचिव आयुष सिंह, पीकेरॉय कॉलेज के अध्यक्ष राज रंजन सिंह, उपाध्यक्ष रोशन, पियूष सिंह, सौम्यदीप, आयुष, आशुतोष, मौसमी, नवनीत, आदित्य आदि उपस्थित थे।

# सात लाख की नकली अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उत्पाद विभाग ने सोमवार को सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा में औचक छापामारी कर लगभग 7 लाख रुपये के नकली अंग्रेजी शराब जब्त करने के साथ ही एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। तेलीपाड़ा में नीलकमल डे नामक व्यक्ति नकली अंग्रेजी शराब बनाता था। जिसे उत्पाद विभाग ने कुछ माह पूर्व भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पर जेल से छूटने के बाद न्उसने फिर से नकली अंग्रेजी शराब बनाने का धंधा शुरू कर दिया था। उत्पाद विभाग ने



गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर उसे फिर से गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक सन्नी तिर्की ने बताया कि जब्त शराब का बाजार मूल्य लगभग 7 लाख रुपये है। बता दें कि उत्पाद विभाग ने 28 दिसंबर को भी तेलीपाड़ा में छापामारी कर उक्त फैक्ट्री से 25 लीटर रंगीन गंध युक्त स्प्रिट शराब, भारी मात्रा में खाली बोतलें, कैप आदि बरामद किया था।

## 7 स्वर्ण, 3 रजत व 8 कांस्य जीत धनबाद बना उपविजेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** देवघर जिले के मधुपुर स्थित महर्षी महेंद्र मुणी सरस्वती शिशु विधा मंदिर में दो (17-18 जून) दिवसीय झारखंड राज्य कैडेट जूडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सलुजा ग्रुप के जोरावर सिंह सलुजा व झारखंड जूडो संघ के महासचिव परीक्षित तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया था। इसकी जानकारी देते हुए धनबाद जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में धनबाद के खिलाड़ीयों ने 7 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य पदक जीतने के साथ धनबाद को उपविजेता बनाया। प्रतियोगिता में बोकारो टीम में 50 अंक लाकर प्रथम, धनबाद 48 अंक द्वितीय एवं रामगढ 36 अंक तृतीय स्थान पर रहे। धनबाद के लिए पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राजकमल सरस्वती विधा मंदिर, डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच व धनबाद मार्सेल आर्ट सेंटर से जुड़े है। स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में किर्तिका कुमारी, मानसी कुमारी,



सात स्वर्ण पदक के साथ उपविजेता बनी धनबाद टीम के खिलाड़ी।

आलाफिया जोहा, दर्षित सिन्हा, कार्तिक गोस्वामी, मानस कुमार, मो इमरान रहे। वहीं, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में पलक परमा, श्लोक तरवे, शिवम आनंद और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में आयुषी कुमारी, अनुषिका, लक्ष्मी कुमारी, निकिता मंडल, शिवम कुमार, मिरनमय दास, मोहम्मद फैजल, देव कुमार रहे। धनबाद के कोच एवं मैनेजर राहुल शर्मा, अक्षय कुमार व सरीता कुमारी थी। उधर, धनबाद जिला के उपविजेता बनने पर राजकमल सरस्वती विधा मंदिर के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव, धनबाद पब्लिक स्कूल हिरक ब्रांच की प्राचार्या पूर्णिमा शिल, धनबाद जूडो संघ के अध्यक्ष एसएम हासमी, कोषाध्यक्ष विनय रिटोलिया, पंचम शर्मा, अरुण कुमार, संजय रवानी और दिनेश मंडल ने बधाई व शुभकामनाएं दी। बतातें चलें कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी जूडोका कर्णाटक में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कैडेट जूडो चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगें।


कार्यालय

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला

वेद व्यास आवास योजना हेतु आवेदन आमत्रंण सूचना (संशोधित)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्यादेश संख्या 06रा0(वि0) दिनांक 06.06.2023 के द्वारा गुमला जिले के सभी सक्रिय मत्स्य पालकों/मछुआरों/समिति के सदस्यों हेतु गुमला जिले में अनुसूचित जातियों के लिए 03 एवं जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना के तहत् 20 कुल 23 वेद व्यास निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है। आवेदन पत्र कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला से प्राप्त कर सकते है। सभी इच्छुक मत्स्य पालक दिनांक 26.06.2023 तक आवेदन विहित प्रपत्र में भरकर आवश्यक कागजातों के साथ कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते है।

1. कृषि प्रभाग द्वारा अधिशठापित सिंगल विंडो के माध्यम् से प्राप्त आवेदनों अथवा आवश्कतानुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन के उपरान्त प्राप्त आवदनों में से लाभुकों का चयन किया जायेगा। पूर्व के आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
2. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/समिति के सदस्य/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकडने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालकों को दी जायगी।
4. आवास हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घरवाले मछुआरों को भी कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जायगी।
5. प्रकियानुसार आवेदक दिव्यागों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 03 प्रतिशत् तथा महिलाओं के लिए न्यनतम 10 प्रतिशत् राशि का प्रावधान जिलावार किया जायेगा।
6. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नही दिया जायगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इन्दिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की किसी भी आवास योजना से लाभान्वित हो चुके है।
7. आवेदक को वर्त्तमान में रह रहे अपने कच्चे आवास का जियो टैग फोटोग्राफ आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
8. आवेदन पत्र के साथ फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित कागजात (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) वर्तमान आवास का फोटो संलग्न करना आवश्यक है।
9. आवेदक (पति/पत्नि) को इंदिरा आवास/अन्य योजनान्तर्गत आवास नही मिला है का प्रमाण पत्र (प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा निर्गत) संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. लाभुक का चयन राज्यादेशानुसार गठित समिति द्वारा की जायगी, जिसका निर्णय अंतिम होगा तथा उस पर किसी प्रकार का कोई भी पत्राचार नही किया जायगा।
11. किसी भी आवेदन को विभाग हित में स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
12. प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (इंदिरा आवास) के मानक प्राक्कालन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों के द्वारा स्वंय कराया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गुमला

PR 300415 (Fish)23-24*D



कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521

Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

आम सूचना

मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर

एतद् द्वारा गुमला जिले के सभी केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु राज्यादेश सं0– 07 दिनांक 07.06.2023 के द्वारा लक्ष्य प्राप्त है। इच्छुक मत्स्य पालक इस योजना का लाभ लेने हेतु कार्यालय में 15.07.2023 तक आवेदन जमा करें। आवेदन जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला में कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्ते निम्न है :–

1. विस्तृत शीर्ष–03–प्रशासनिक व्यय–23–आपूर्ति एवं सामग्री मद में स्वीकृत राशि से मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिशत् अथवा मो 22.00 (बाईस रू0) मात्र प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम् अनुदान पर कम से कम 24 प्रतिशत् प्रोटीन गुणवत्तायुक्त 2mm से बड़े 4mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग द्वारा स्थापित फिश फीड मिल अथवा झास्कोफिश से उत्पादित फिश फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा।
2. कंडिका 01 के अतिरिक्त विगत् वित्तीय वर्ष 2022–23 की भाँति ही मत्स्य पालकों को 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम फीड की दर से ही अनुदान देय होगा। एक लाभुक को अधिकतम् कुल 700 किलोग्राम 2mm अथवा इससे इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 12,600.00 (बारह हजार छः सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।
3. कंडिका 02 एवं 03 के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत् अथवा अधिकतम् मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम फीड की दर से अनुदान देया होगा। एक लाभुक को अधिकतम् कुल 1200 किलोग्राम 2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो0 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अधिकतम् मो0 21,600.00 (एक्कीस हजार छः सौ) रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। इसके अतिरिक्त रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम, बॉयोफ्लॉक टैंक तथा बॉयोफ्लॉक तालाब के लिए भी अनुदान पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा जो निम्न है :–

(क) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS) :– रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 90 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 08 टैंक) के लिए अधिकतम् 650 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

(ख) बॉयोफ्लॉक टैंक (Biofloc Tank) :– इसी प्रकार बॉयोफ्लॉक टैंक में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10 $m^3$ के प्रति टैंक (अधिकतम् 50 टैंक) के लिए अधिकतम् 100 किलोग्राम प्रति टैंक की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

(ग) बॉयोफ्लॉक तालाब (Biofloc Pond):– बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1ha) में दूसरे crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम् 2000 किलोग्राम प्रति तालाब (0.1ha) की दर से 4mm तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर मो 18.00 (अठारह) रू0 प्रति किलोग्राम के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुकों के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।

4. केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम लाभुकों/बॉयोफ्लॉक टैंक लाभुकों/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने हेतु इनके चयन में यह ध्यान रखा जाएगा कि लाभुक सक्रिय केज मत्स्य पालक/सक्रिय रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम संचालक/सक्रिय बॉयोफ्लॉक टैंक संचालक/सक्रिय बॉयोफ्लॉक तालाब संचालक हो तथा उसके द्वारा केज में /रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में/बॉयोफ्लॉक टैंक में/बॉयोफ्लॉक तालाबों में वर्त्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो। उसके पास कम से कम पिछले एक crop का रिकॉर्ड हो। मात्स्यिकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिक्री की गई मछलियों का data) से नियमित रूप से जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला का अवगत कराने के लिए सहमत हो।
5. लाभुक द्वारा 2mm अथवा इससे छोटे साईज/2mm से बड़े 4mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) का वास्तविक रूप में क्रय किया गया है एवं इसकी GST Billing हुई है। GST Billing के बिना लाभुक के खाते में राशि डी0बी0टी0 नहीं की जाएगी। लाभुक को देय अनुदान की राशि उसके द्वारा व्यय की गई राशि से 50 प्रतिशत् अथवा मो0 18.00 (अठारह) रू0 मात्र प्रति किलोग्राम अधिकतम् अनुदान से ज्यादा नहीं हो।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गुमला।

PR.NO.300418 Fish(23024):D


## देवघर में आयोजित झारखंड राज्य कैडेट जूडो प्रतियोगिता में गाड़ा सफलता का परचम

# 4 स्वर्ण व 7 रजत समेत 19 पदक के साथ बोकारो बना ओवरऑल चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** देवघर जिला स्थित मधुपुर महेंद्र मुनि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में झारखंड जूडो संघ के तत्वाधान में दो दिवसीय झारखंड राज्य कैडेट जूडो प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसका आयोजन देवघर जिला जूडो संघ की ओर से किया गया। जिसमें झारखंड राज्य कैडेट जूडो प्रतियोगिता में बोकारो जूडो टीम ने 4 स्वर्ण, 7 रजत एवं 8 कांस्य पदक समेत कुल 19 पदक जीत कर बोकारो का परचम लहराया। जबकि राज्य जूडो प्रतियोगिता में 52 अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन के साथ बोकारो ओवरऑल चैंपियन भी घोषित हुआ। बोकारो



पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के साथ प्रबंधकीय टीम।

जिला के पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में जयंत कुमार 50 केजी, देव कुमार केजी, बालक वर्ग एवं अदिति सिंह 52 केजी, खुशी उपाध्याय 70 केजी प्लस बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

वहीं, रिमझिम कुमारी 40 केजी, आयशा श्री 44 केजी, जेबा नाज 52 केजी, शालू कुमारी 57 केजी, नेहा कुमारी 63 केजी, और संदीप कुमार साहू 50 केजी, जबकि संदीप कुमार 81 केजी, बालक वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। शिवानी कुमारी 40 केजी, सुनीता कुमारी 44 केजी, तनु प्रिया 48 केजी, साक्षी श्रीवास्तव 52 केजी, अभीसी सिंह 57 केजी, एवं प्रियांशु राज सिंह 81 केजी, प्रिंस कुमार एवं मीत राज 90 केजी, बालक वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 5 से 10 जुलाई को कर्नाटक के तोरंगालु में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट जूडो प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। इस दौरान बोकारो कैडेट जूडो टीम को झारखंड जूडो संघ अध्यक्ष केएन त्रिपाठी और सचिव परीक्षित तिवारी, बोकारो जूडो संघ के अध्यक्ष विनय आनंद ने खिलाड़ियों की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही बोकारो जूडो संघ के अन्य पदाधिकारियों में वासुदेव कुमार, संजू कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक रंजन, चिन्मय कुमार, आयुष कुमार ठाकुर, नईम अंसारी, संतोष कुमार दत्ता, धर्मेंद्र कपरदार, अजीत कुमार सिंह, श्री धनाअंतर कुमार, संजय रजवार आदि ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# नवीन पटनायक ने चैंपियन भारतीय टीम को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत हीरो इंटरकॉन्टिनेंटल कप 2023 का चैंपियन बना। भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत की ब्लू टाइगर्स ने लेबनान को हराया। कप्तान सुनील छेत्री और लालानियाजुवाला चांगे ने जीत के लिए 2-0 गोल किये। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विजेताओं को ट्राफियां प्रदान कीं। इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने चैंपियंस टीम भारत को एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के सामने भारतीय और लेबनान कंटीजेंटर के प्रत्येक सदस्य को स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किये। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित इंटरकॉन्टिनेंटल कप की मेजबानी करना हमारे राज्य के लिए गर्व की बात है। खेल प्रतियोगिता के मद्देनजर भारत को बधाई दी। नवीन ने कहा कि ओड़िशा कई और फुटबॉल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा।

इस अवसर पर खेल और युवा मामलों के मंत्री तुषारकांत बेहेरा, 5टी सचिव वीके पांडियन, खेल सचिव विनिल कृष्ण, एआइएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चुवे, एआइएफएफ के संपादक शाजी प्रभाकरन और ओड़िशा फुटबॉल एसोसिएशन के संपादक आशीर्वाद बेहेरा उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने के बाद जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने मंत्री से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ओड़िशा को चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022 में दूसरे सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में और कुशल जल संसाधन प्रबंधन के लिए गंजाम जिले को देश के सर्वश्रेष्ठ जिले के रूप में सम्मानित किया गया है।

नयी दिल्ली में पिछले शनिवार को उपराष्ट्रपति से ओडिशा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने के बाद, जल संसाधन, वाणिज्य और परिवहन राज्य मंत्री टूकुनी साहू, विकास आयुक्त और अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग अनु गर्ग, जल संसाधन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सोमवार को लोक सेवा भवन में शिष्टाचार भेंट की। मंत्री श्रीमती साहू ने कहा कि राज्य सरकार और जल संसाधन विभाग की यह उपलब्धि ओड़िशा के लिए गर्व की बात है और विभाग के दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती साहू ने विभाग के अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव, विभागीय मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों के साथ राज्य के विभिन्न जिलों में निमार्णाधीन सिंचाई परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की। इस संबंध में अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव अनु गर्ग ने जल संसाधन मंत्री को अवगत कराया कि राज्य में सभी सिंचाई परियोजनाओं का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है और इस वर्ष अतिरिक्त सिंचाई सुविधाएं लागू होने जा रही हैं।

# रथ यात्रा के लिए दो हजार बसें पुरी के लिए चलेंगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर कटक।** राज्य परिवहन विभाग ने विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। चूंकि मंगलवार से लाखों श्रद्धालु पुरी में समागम होंगे। यात्री परिवहन की सुविधा के लिए लगभग 2,000 यात्री बसों को विशेष परमिट जारी किये गये हैं। बस यात्रियों से अधिक किराया नहीं वसूला जा सकता। परिवहन विभाग ने किसी भी बस में अधिक भीड़ को रोकने और हर यात्री को पीने का पानी उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश जारी किये हैं। यात्री परिवहन व्यवस्था की निगरानी के लिए 25 एनफोर्समेंट का गठन किया गया है। यदि किसी वाहन में कोई विश्रृंखल पाया जाता है, तो संबंधित बस का परमिट रद्द कर दिया जायेगा और भारी जुर्माना लगाया जायेगा। अगर कोई यात्री सवारी का फायदा उठाता है, तो तय किराया से ज्यादा किराया वसूला जायेगा। हालांकि परिवहन विभाग ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। कटक और पुरी के बीच प्रतिदिन सौ से अधिक बसें चलती हैं, लेकिन यातायात को ध्यान में रखते हुए परिवहन विभाग ने कटक से पुरी के बीच करीब 300 और बसों को विशेष परमिट दिया है। परिवहन विभाग ने कहा कि कटक के अलावा राज्य भर से करीब 2 हजार निजी बसों को पुरी पहुंचने के लिए विशेष परमिट मिले हैं। लेकिन इस साल निजी बस मालिकों को परिवहन विभाग द्वारा काफी पहले ही आगाह कर दिया गया है, ताकि बस यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो। सरकारी नियमों के अनुसार ही वाहन चलाने के स्पष्ट निर्देश हैं। आज से यात्री यातायात सुचारू रूप से शुरू हो गया है। यात्री परिवहन प्रणाली को श्रृखंलित बनाने के लिए राज्य के विभिन्न हिस्सों में 25 एनफोर्समेंट स्क्वार्ड होंगे। इसके अलावा व्यवस्था की जांच के लिए अलग-अलग जगहों पर छह डेपुटी कमिश्नर नियुक्त किये जायेंगे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की घोषणा

# वियतनामी नौसेना को मिसाइल युद्धपोत 'आइएनएस कृपाण' उपहार में देगा भारत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और वियतनाम के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सोमवार को वियतनामी समकक्ष जनरल फान वान गियांग के साथ राजधानी दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता के लिए मुलाकात की। गियांग 18 से 19 जून तक भारत दौरे पर हैं। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में दोनों देशों के बीच रक्षा, सैन्य, उच्च स्तरीय यात्राएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना और द्विपक्षीय सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क शामिल है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि रक्षा मंत्रालय के पूर्व सेक्रेटरी सौरभ कुमार ने सोमवार को वियतनाम के राष्ट्रीय सीमा आयोग के उपाध्यक्ष ट्रिन डुक हाई से मुलाकात की। उन्होंने दोनों देशों के बीच रक्षा, सुरक्षा और समुद्री संबंधों सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने की भी बात कही। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घोषणा की कि भारत वियतनामी नौसेना को स्वदेशी निर्मित मिसाइल कोरवेट आईएनएस कृपाण उपहार में देगा। रक्षा मंत्रालय ने बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों की प्रगति की समीक्षा की और मौजूदा वार्ताओं पर संतोष व्यक्त किया।

# भारत और अफ्रीकी संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सोआ को मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) डीम्ड यूनिवर्सिटी को इंडो-अफ्रीकन ट्रेड काउंसिल द्वारा अपने शैक्षणिक मंच के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच एक जीवंत संबंध स्थापित करने के लिए सम्मानित किया गया है। हाल ही में नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में जिम्बाब्वे के उपराष्ट्रपति जनरल कांस्टेंटिनो चिवेंगा द्वारा आइएटीसी पुरस्कार सोआ के चांसलर प्रो (डॉ) अमित बनर्जी को प्रदान किया गया। इस समारोह में अफ्रीकी महाद्वीप के कई राजनयिकों और उच्च अधिकारियों के साथ-साथ जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से भारतीय उपलब्धि हासिल करने वालों ने भाग लिया।

प्रो (डॉ) बनर्जी जिन्होंने बाद में मीडियाकर्मियों से बात की, उन्होंने कहा कि अफ्रीका के छात्रों ने सीखने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के इरादे से सुदूर भारत की यात्रा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने सोआ में अपने प्रवास का पूरा आनंद लिया और डीम्ड विश्वविद्यालय को घर वापस आने वाले छात्रों के लिए एक प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा गंतव्य बना दिया। उन्होंने कहा कि सोआ के आधे से अधिक अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय अफ्रीकी देशों से हैं। प्रो (डॉ) बनर्जी ने सोआ की सफलता का श्रेय इसके संस्थापक अध्यक्ष प्रो. मनोजरंजन नायक के प्रेरक नेतृत्व को दिया।

# रथयात्राः जरियागढ़ ने पुरानी परंपरा को रखा है जीवित

- वर्तमान में ठाकुर जयेंद्र नाथ पर है जिम्मेदारी
- ग्राव के लोग रथ यात्रा में करते हैं सहयोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छोटानागपुर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है जरियागढ़। जो सदियों से अपनी परंपरा का निर्वाहन करते हुए आज भी यथासंभव पुरानी परंपरा को जीवित रखा है। आज भी यहां के लोग चली आ रही पुरानी परंपरा को हर्षोल्लास के साथ निभाते चले आ रहे हैं। बदलते समय में भी यहां पुरानी रीति-रीवाज एवं पुरानी परंपरा की सुगंध मिल जाती है। यहां के तत्कालीन राजाओं के वंशज यथासंभव अपने पुरखों की परंपरा को गांव वालों के सहयोग से जीवित रखे हुए हैं। यहां रथयात्रा निकालने की परंपरा सैकड़ों साल से चली रही है। पूर्वजों की इस पुरानी परंपरा को आज भी जीवित रखते हुए हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

वर्तमान में जरियागढ़ इस्टेट के रथयात्रा की सारी जिम्मेदारी ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव पर है। दूसरा रथ यहां गांव वालों के तरफ से निकाला जाता है। पुरानी रीति को आज भी कायम रखते हुए जरियागढ़ ग्रामवासी गांव की रथ लेकर सर्वप्रथम जरिया ग्राम स्थित राजा के गढ़ के मुख्य द्वार तक आते हैं। गांव वाले आदर पुर्वक वर्तमान ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव जी को श्री श्री जगन्नाथ स्वामी के मंदिर तक नाचते गाते घंटो की ध्वनि एवं ढोल बजाते हुए ले जाते हैं। इसके बाद भगवान के विग्रहों को रथ पर ब्राह्मणों के द्वारा विराजमान करवाया जाता है। इससे पहले वर्तमान ठाकुर जयेन्द्र नाथ शाहदेव के द्वारा रास्ते को झाड़ू से साफ किया जाता है। उनके द्वारा भगवान को चावर डोलाते हुए एवं रथ की रस्सी को प्रथम खींच कर महापर्व रथयात्रा की शुरूवात कराई जाती है। गांववासियो के द्वारा मृदंग और घंट की धुन भगवान के जयकारा के साथ नगर भ्रमण कराते हुए मौसीबाड़ी तक ले जाया जाता है। मौसीबाड़ी में विशेष पूजन और आरती का कार्यक्रम होता है। भोग/प्रसाद पा कर ग्रामवासी अपने घर के तरफ प्रस्थान करते हैं।

खास बात यह है कि इस सारी प्रक्रिया में गांव के लोग शामिल होते हैं। हर ग्रामवासी भगवान को भोग लगाने के लिए अपनी तरफ से हर संभव सहयोग करता है। घूरती रथयात्रा में भी भगवान के तीनों विग्रहों को वापस श्री श्री मदन मोहन गुड़ी तक ले जाया जाता है। प्रसाद में यहां के लोग कटहल का विशेष भोग मानते हुए प्रसाद ग्रहण करते हैं। चलती रथ से घूरती रथयात्रा तक मौसीबाड़ी में विशेष भोग भगवान को अर्पित किया जाता है।

इसी तरह पीढ़ी दर पीढ़ी इस परंपरा को जरियागढ़ के वर्तमान ठाकुर अपने पिता के स्वर्गवास के पश्चात पिछले 7 सालों से निभाते चले आ रहे हैं। जिसमे उनको विशेष सहयोग जरियागढ़ ग्रामवासीयों का प्राप्त होता है।

# सैमसंग ने सॉल्व फॉर टुमॉरो की टॉप 30 टीमों की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोलकाता।** सैमसंग इंडिया ने सोमवार को अपने यूथ एजुकेशन एवं इनोवेशन कॉम्पटीशन 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की टॉप 30 टीमों की घोषणा कर दी है। सैमसंग ने इस प्रतियोगिता की शुरूआत देश के युवाओं के बीच आधुनिक सोच को विकसित करने और समस्या का समाधान करने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की है। इस प्रतियोगिता में 16-22 वर्ष के युवाओं की ओर से चार विषयों से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए आइडिया आमंत्रित किये हैं। इन चार विषयों में एजुकेशन एवं लर्निंग, हेल्थ एवं वैलनेस, एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी और डायवर्सिटी एवं इनक्लूजन शामिल हैं।

सॉल्व फॉर टुमॉरो 2023 में पूरे देश भर से टीमें शामिल हो रही हैं। इन टीमों ने भारत की विभिन्न समस्याओं के समाधान से जुड़े आइडिया पेश किये हैं। प्रतियोगिता को देश के 500 शहरों, कस्बों और गांवों के युवाओं की ओर से 70,000 से अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुए हैं। युवाओं की इतनी बड़ी संख्या भारत के इनोवेशन और उद्यमशीलता को लेकर बढ़ते जोश की एक झलक पेश करती है। इस सीएसआर प्रोग्राम के इस दूसरे साल के लिए, सैमसंग इंडिया ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के स्टार्टअप हब और आइआइटी दिल्ली के फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ साझेदारी की है।

प्रतियोगिता में शामिल टॉप 30 टीमों में से, 44% ने एजुकेशन एवं लर्निंग से जुड़े आइडिया पेश किये हैं। इसके अलावा 23% टीमों ने एन्वायरमेंट एवं सस्टेनेबिलिटी पर, 20% ने डायवर्सिटी एवं इनक्लूजन पर और 13% ने हेल्थ एवं वैलनेस पर अपने आइडिया पेश किये हैं। ये टीमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान, असम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र और दिल्ली सहित भारत के 15 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश से हैं।

प्रतियोगिता की टॉप 30 टीमों के युवाओं ने समुद्र के जल को पीने योग्य पानी में बदलने, शराब पीकर गाड़ी चलाने, युवाओं के कौशल विकास, सौर पैनलों की दक्षता में सुधार और लापता बच्चों को खोजने जैसी वास्तविक दुनिया की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए अपने आइडिया प्रस्तुत किए हैं। उनके द्वारा पेश किए अन्य आइडिया में मासिक स्राव के रक्त के नमूनों की जांच कर महिलाओं में कई बीमारियों का जल्द पता लगाना भी शामिल था। इसके अलावा टीमों ने मानसिक स्वास्थ्य, भोजन की बबार्दी, फसलों में बीमारियों की पहचान, अनुचित कंटेंट से किशोरों की सुरक्षा, और एसटीइएम फील्ड में लिंग पूर्वाग्रह जैसी समस्याओं को हल करने से जुड़े आइडिया प्रस्तुत किये।

ग्रासीम सामाजिक उत्तरदायित्व

1. शिक्षा एवं क्षमता विकास

2. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम

3. सतत् जीविकोपार्जन

4. सामाजिक उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण

5. आधारभूत संरचना विकास

ADITYA BIRLA
GRASIM



Unit Head

हमारा ग्रासिम परिसर स्वच्छ, सुंदर व सुरक्षित



Head-HR & CSR

- ग्रासीम इण्डस्ट्रीज लि0, रेहला अपने स्थापना काल से ही व्यापार के साथ-साथ आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक दायित्वों का निर्वहन के प्रति कृतसंकल्प है ।
- सी.एस.आर के तहत आदित्य बिड़ला समूह द्वारा निर्देशित 05 सूत्री विकासात्मक कार्यक्रमों शिक्षा, चिकित्सा, सतत् जिविकोपार्जन, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक सशक्तिकरण के तहत आस पास के क्षेत्र में कई गतिविधियाँ संचालित की जा रही है ।
- ग्रासीम सी.एस.आर. द्वारा संचालित कार्यक्रमों के द्वारा पलामू जिले के 30 एवं गढ़वा जिले के 10 गाँवों की लगभग 68000 की आबादी लाभान्वित हो रही है ।
- ग्रासीम सी.एस. आर. आगे भी सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति कृतसंकल्प है ।

मुख्य उत्पादन- कास्टिक सोडा, क्लोरिन, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सोडियम हाइपोक्लोराईट, हाईड्रोजन गैस, एल्यूमिनियम क्लोराईड एवं ब्लीचिंग पावडर



किसान प्रशिक्षण एवं गेहूं बीज वितरण कार्यक्रम



प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पोषण अहार वितरण

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**